भगवानपि तच्छास्त्रं संचिक्षेप पुरंदरः
सहस्रैः पंचभिस्तात यदुक्तं बाहुदंतकं ८३

इस शास्त्रको प्रथमयुगसे बहोड अल्पायु लोकको जानकर शा
स्त्रधारणाकी निष्ठावास्ते इंद्रभी संक्षेपकरताभया पंचसहस्र अ
ध्यायोकर्के यह शास्त्र प्रसिद्धभया तब इस नीतिशास्त्रका बा
हुदंतकनाम भयाहै ८३॥

अध्यायानां सहस्रैस्तु त्रिभिरेव बृहस्पतिः
संचिक्षेपेश्वरो बुद्ध्या बार्हस्पत्यं यदुच्यते ८४

बहोड बृहस्पती भी इस नीतिशास्त्रको अतिअल्पायुषो लोक
हितवास्ते तीनसहस्र अध्यायोकर्के संक्षेपकरताभया तब नी
तिशास्त्रको बार्हस्पत्य नामकर कहतेभये ८४॥

अध्यायानां सहस्रेण काव्यः संक्षेपमब्रवीत्
तच्छास्त्रममितप्रज्ञो योगाचार्यो महायशाः ८५

बहोड शुक्राचार्यभी इसनीतिशास्त्रको एकसहस्र अध्यायोकर
के संक्षेपकरताभया कैसाहै शुक्राचार्य अमित बुद्धीहै नीतिशा
स्त्रकायोगाचार्यहै नीतिशास्त्रके प्रयोगकर्के महायश संयुक्तहै ८५

एवं लोकानुरोधेन शास्त्र मेतन्महर्षिभिः॥
संक्षिप्त मायु र्विज्ञाय मर्त्यानां ह्रास मेव च ८६

हे राजन् यह नीतिशास्त्र इसप्रकारसे मनुष्योंकी आयुषाऔर
बुद्धिबलको कमती जानकर महर्षी जनोने अतिसंक्षिप्त कि
याहै ८६ ॥

अथ देवाः समागम्य विस्नु मूचुः प्रजापतिं
एको यो,ऽर्हति मर्त्येभ्यः श्रैष्ठ्यं वै तं समादिश ८७

हे राजन् यह नीतिशास्त्र इसप्रकारसे पूर्व बनाहै अब इसकी धारणावाले राजाकी उत्पत्तिको कहतेहैं जब यह नीति प्रवृत्तभया तब सबही देवतागण विस्नुरूप प्रजापतिको समागमकर्के वचनकहतेभये हेभगवन् जोकोई एक इसशास्त्रको धारणविषे श्रेष्ठहोवे जिसमों तुह्मारा विशेषकर्के श्रेष्ठ अंशवाला मनुष्योंसे अधिक मनुष्यरूपहोवे उसको आपको दिखाइदेवो ८७

ततः संचिंत्य भगवा न्देवो नारायणः प्रभुः
तैजसं वै विरजसं सो,सृज न्मानसं सुतं ८८

तदनंतर भगवान् विस्नु नारायणदेव महाप्रभु जोहै सो इस नीतिशास्त्रके धारणकी अधिकारी विचारकर्के अपने प्रधान तेजके अंगकर्के विरजस नामवाले मानस पुत्रको मानसेही सृजतेभये ८८ ॥

विरजास्तु महाभागाः प्रभुत्वं भुवि नै,च्छत
न्यासायै वा भव द्बुद्धिः प्रणीता तस्य पांडव ८९

हे पांडवराजन् विरजा महाभाग्यशाली जब उत्पन्नभया सो जगतके प्रभुताको नहीवांछाकरताभया उसकी बुद्धि त्यागवासेही प्रवृत्तहोतीभई ८९

कीर्ति मांस्तस्य पुत्रोभू त्सो,पि पंचातिगो भवत्
कर्दम स्तस्य तु सुतः सो,प्य तप्य महत्तपः ९०

उसका पुत्रकीर्तिमान भयाहै सोभी पंच इंद्रियोंकी वासनासे अतीत होताभया राज्यकी इच्छाको नहीकरताभया उसका पुत्र कर्दमहोताभया सोभी राज्यकी इच्छाको त्यागकर केवल तपही तपताभया

प्रजापतेः कर्दमस्य त्व,नंगो नाम वै सुतः
प्रजा रक्षयिता साधु र्दंडनीति विशारदः ९१

हे राजन् उसकर्दम प्रजापतीका पुत्र अनंगनामराजा होताभया सो प्रजाको रक्षाकरणेमो सावधान होताभया दंडनीति विषे चतुरहोताभया ९१

अनंगपुत्रो मेधावी नीतिमान भिगम्य वै
प्रतिपेदे महाराज्य मथें द्रिय वशो भवत् ९२

हे राजन् अंगकापुत्र मेधावीभया सो नीतिमान् भया नीतिशास्त्रको प्राप्तहोकर्के महाराज्यको पाइकर इंद्रियभोगो के वशभी होताभया १२

मृत्योस्तु दुहिता राजन् सुनीथा नाम मानसी
प्रख्याता त्रिषु लोकेषु या सा वेन मजीजनत् १३

हे राजन् मृत्यु प्रजापतीकी पुत्री सुनीथा नामकर्के मानसी कन्याभई जगतविषे विख्यानभई सो अंगसे वेननामधारी पुत्रको जन्मतीभई १३

तं प्रजा स्तु विधर्माणं राग द्वेष वशानुगम्
मंत्रपूतैः कुशैर्जघ्नु ऋषयो ब्रह्मवादिनः १४

सो राजा वेनविषय वशवर्ती होनेसे विधर्म जानकर अनुराग नहीं करतीभई उसको संपूर्ण प्रजाविषे अधर्मवृत्तिजानकर क्रोधकर्के मंत्रपूत कुशालेकर्के कुशाप्रहारोकर्के कुशाप्रहारोकर्के ब्रह्मवादी ऋषिलोक मारदेतेभये १४

ममंथुः दक्षिणं चोरुं ऋषय स्तस्य मंत्रतः
ततो स्य विकृतो जज्ञे ह्रस्वांगः पुरुषो भुवि १५

उसकी संतानवासते उसीकी दक्षिणऊरूस्थानको मंत्रोकर्के मथनकरतेभये तब उसके ऊरूस्थानसे विकृतरूप ह्रस्व अंगोवाला एकपुरुष उत्पन्न होताभया सो पृथिवीविषे स्थितहोताभया १५

दग्धस्थूल प्रतीकाशो रक्ताक्षः कृष्णमूर्धजः
निषीदेत्येव मूचु स्त ऋषयो ब्रह्मवादिनः १६

उसके अंग दग्ध और स्थूल आकारवाले होतेभये उसको देखकर ब्रह्मवादी ऋषी कहते भये निषीद तूं पृथिवीविषे बैठजा १६ तस्मा न्निषादः संभूतः क्रूरः शैल वनाश्रयः
ये चान्ये विंध्यनिलया म्लेच्छाः शतसहस्रशः १७

ताते उसका नाम निषादभया सो महाक्रूरकर्मा भया पर्वतो विषे वनवासकरणेहारा भया उसीसे निषादभये और विंध्य पर्वतवासी म्लेच्छलोक शतसंख्योके होतेभये १७

भूयो स्य दक्षिणं पाणिं ममंथुस्ते महर्षयः
ततः पुरुष उत्पन्नो ज्वलनोर्क इवापरः १८

श्री॰
रा॰ध॰
टी॰
२१०

हे राजन् तब महाऋषिलोक उसीवेनके दक्षिणहस्तको मंथे
करके मथनकरतेभये तहांसे एकपुरुष महासुंदर उत्पन्नभया
स्वरूपकरके द्वितीयइन्द्रधारी साक्षात् इंद्रजैसाही भयाहे ९८

कवची बद्ध निस्त्रिंशः सशरः सशरासनः
वेदवेदांगवि चैव धनुर्वेदे च पारगः ९९

कैसा सो पुरुषभया कवचधारीहे जिसने तरवार अपनेकटी
स्थानमों बांधीहे और बाणकरके संयुक्तहे और धनुषकरके सं
युक्तहे और वेदवेदांगतत्ववेत्ताहे धनुर्वेदका महाचतुरहे
सर्वप्रकारसे पारगामीहे ९९ ॥

तं दंडनीतिः सकला श्रिता राजन्वरोत्तमम्
ततस्तु प्रांजलिर्वैन्यो महर्षीस्तानुवाचह १००

ऐसा सो संपूर्ण नरवरोंविषे उत्तमराजा रूपभयाहे उसको
दंडनीति आपही उपस्थितहोतीभई हे राजन् सो वेनसे उत्प
न्नभया महापुरुष प्रांजलिहोकर महाऋषीओंको कहताभया

सुसूक्ष्मा मे समुत्पन्ना बुद्धिर्धर्मार्थदर्शिनी
अनया किं मया कार्यं तन्मे तत्वेन शंसत १

हे ऋषयः मोको आपके प्रसाद धर्मार्थ दर्शिनवाले सूक्ष्मबु
द्धि उत्पन्नभयेहे इसबुद्धिकरके मेनेक्या कर्तव्यहे उसको आप
आज्ञाकरो १०१

यन्मां भवंतो वक्ष्यंति कार्यमर्थ समन्वितम्
तदहं वै करिष्यामि नात्र कार्या विचारणा २

जो कछु मोको आप अर्थसंयुक्त आज्ञाकरोगे उसीको मैकरेगा
इसमो आपने विचारणा नही करणी २

तमूचुस्तत्र देवास्ते ते चैव परमर्षयः
नियतो यत्र धर्मो वै तमशंकः समाचर ३

उसको तहा देवता जो रहे और जेते ऋषीरहे सो सभही कहते
भये तोको राजधर्मका नियमहे हमारी आज्ञासे असंगहो
कर राजधर्मकोही लेकर ३ ॥

प्रिया प्रिये परित्यज्य समः सर्वेषु जंतुषु
काम क्रोधौ च लोभं च मानं चो त्सृज्य दूरतः ४

अपने प्रिय अप्रियको त्यागकर सर्व जीवो विषे क्रोधको त्यागक

१००

कामको क्रोधको लोभको मानको हरसे त्यागकरके राजधर्म
को तूं प्रवृत्तकर १०४

यश्च धर्मात्प्रविचले लोके कश्चन मानवः
निग्राह्यस्ते स्वबाहुभ्यां शश्वद्धर्ममवेक्षता ५

जो कोई मनुष्य धर्मसे चलितहोवे सो तेने तत्कालही अपने
भुजोंकरके ग्रहणकरके उसी कालविषे तेने दंडकरके निग्रहकरके
शासनाकरके योग्यहै सम्यक् प्रकारसे अपने राज्यधर्मको वि
चारकरके अवश्य तेने दंडनीयहै १०५

प्रतिज्ञां चाधिरोहस्व मनसा कर्मणा गिरा
पालयिष्याम्यहं भौमं ब्रह्म इत्येव चासकृत ६

जो तूं अपने मुखसे प्रतिज्ञा करेगा उसको दृढहोकर मनकरके
कर्मकरके वाणीकरके आरोहण करने अवश्यकरेगा ऐसेवारं
वार विचारसे अंगीकार करले ६ ॥

यश्चा,त्र धर्मो नित्योक्तो दंडनीति व्यपाश्रयः
तमशंकः करिष्यामि स्ववशेन कदाचन ७

जो तोको धर्म दंड नीतिके आश्रयवाला कहाहै उसको मे
निःशंक करेगा अपने विषय भोगके मे कदापि परवश नहो
वेगा ऐसे प्रतिज्ञाको दृढकर ७

अदंड्या मे द्विजाश्चेति प्रतिजानीहि हे विभो
लोकं च संकरात्कृत्स्नं त्रातास्मीति परंतप ८

हे परंतप यह तें प्रतिज्ञाकर अपने ब्रह्मकर्मवाले ब्राह्मणश
रीर अदंड्यहै और संपूर्ण लोकेको मे धर्मसंकरसे रक्षा अव
श्य करेगा ८ ॥

वैन्यस्ततस्तानुवाच देवान् ऋषि पुरोगमान्
ब्राह्मणा मे महाभागा नमस्याः पुरुषर्षभाः ९

हे राजन् वेणका पुत्र ऐसा वाक्य श्रवणकरके ऋषिपूर्वक सर्वदे
वता गणोंका यह वचन कहताभया ब्राह्मण जोहै सो महाभा
गहै और पुरुषोंविषे श्रेष्ठही तसभी मम महाभागहो पुरुषो
विषे श्रेष्ठहो ब्राह्मण मेने नमस्कार पूर्वक पूजनीयहै ९

एवमस्त्विति वैन्यस्तु तैरुक्तो ब्रह्मवादिभिः
पुरोधाश्चाभवत्तस्य शुक्रो ब्रह्ममयो निधिः १०

सो वेणराजा ब्राह्मणोंने कहा जो तेने कहा सो ऐसीही होवे इसप्रकार ब्रह्मवादी ऋषिगणोंने कहा तब वेणराजा राजधर्मको अंगीकार करता भया इसका पुरोहित शुक्राचार्य संपूर्ण वेद शास्त्रोंका निधीहोताभया १०

मंत्रिणो वाल खिल्याश्च सारस्वत्यो गणास्तथा
महर्षि भगवान् गर्ग स्तस्य सांवत्सरोभवत् ११

मंत्री इसके बालखिल्य मुनिहोतेभये और सारस्वत ऋषिगणभी होतेभये और गर्गाचार्य शांतिक पौष्टिक कर्मका ज्योतिषी होताभया ११

आत्मना ष्टम इत्येवं श्रुति रेषा परा न्नृप
उत्पन्नौ वंदिनौ चा:स्य तत्पूर्वौ सूत मागधौ १२

हे राजन् वेणराजा विष्णुभगवान जीसे अपने सहित अष्टमराजा राजधर्मका होताभया यह मनुष्योंविषे श्रुति पुरातन प्रसिद्ध होतीभये प्रथम विष्णु १ विरजा द्वितीय २ कीर्तिमान तृतीय ३ कर्दमचतुर्थभया ४ अनंग पंचमभया ५ अतिबल मेधावी षष्टभया ६ वेन सप्तम भया ७ पृथुवैण्य अष्टमराजाभया ८ और वंदीपुरुष दो उत्पन्न भये सो राजासे प्रथमभये जिन्हके नामसूत और मागधभयेहें १२

तयोः प्रीतो ददौ राजा पृथु र्वैण्यः प्रतापवान्
अनूपदेशं सूताय मगधं मागधाय च १३

तिन्होने यथार्थ स्तुती भगवानजीकी कीनी तब पृथुराजा महाप्रतापी उन्हकी स्तुतिकर्के प्रसन्नभया अनूपदेशको सूतको प्रतिदेताभया और मगधदेशको मागधके प्रतिदेताभया १३

समतां वसुधा याश्च स सम्यग्गुपपादयन्
वैषम्यं हि परं भूमे रासी दिति च नः श्रुतम् १४

और पृथिवीके समताको सम्यक प्रकारसे करताभया हे राजन् उसके पूर्व पृथिवीका अत्यंत विषमता होतीभये यह हमने सुमसे सुनाहे १४

मन्वंतरेषु सर्वेषु विषमा जायते मही उज्जहार

ततो वैन्ये शिलाजाले समंततः ११५

पृथुसे पूर्व मन्वंतरोविषे पृथिवी अतिविषमहोतीभई उसीका रणसे वैण्यपृथु जोहै सो पृथिवीका शिलाजाल जोहै जिसको जहां तहां से एकत्र कारके स्थापनकरता भया १५

धनुष्कोट्या महाराज तेन शैला विवर्द्धिता
सहितस्तानाच देवेन शक्रेण विबुधै सह १६

हे महाराज पृथुराजाने धनुषकोटीकर्के पर्वतोका जालपृथिवीसे निवृत्त कियाहै उसके प्रतापको देवराज इंद्र सहारलेता भया संपूर्ण देवतागणोके साथ और इंद्रमिलकर्के १६

ऋषिभिश्च प्रजापालैः ब्राह्मणैश्चाभिषेचितः
तं साक्षात्पृथिवी भेजे रत्नान्यादाय पांडव १७

ऋषिगणोके साथ और पृथिवीके पालनेहारे राजा लोकोके साथ ब्राह्मणोने राजा पृथुको अभिषेककीना तो तो पृथिवी देवी अपने अंतर्गत संपूर्ण रत्नोंकों लेकर आपसाक्षात् रूपकर्के आइकर सेवाकरतीभई १७ ॥

सागरः सरितां भर्ता हिमवांश्चाचलोत्तमः
शक्रश्च धनमक्षय्यं प्रादात्तस्मै युधिष्ठिर १८

हे पांडव हे राजन् सागर जो समुद्र सो संपूर्णनदीओका स्वामी है और हिमाचल पर्वतोविषे श्रेष्टहै और इंद्रजोहै सो राजापृथुकों अक्षयधन यह समही देतेभये १८

रुक्मं चापि महामेरुः स्वयं कनक पर्वतः
यक्षराक्षस भर्ता च भगवान्नरवाहनः १९

हे राजन् राजा युधिष्ठिर स्वर्णपर्वत महामेरु जो है सो स्वर्णोको लेकर राजा पृथुको आपदेताभया और यक्षराक्षसोंका भर्ता नरवाहन जो कुबेर सो राजा सोभी पृथुराजाको सेवा करताभया १९ ॥

धर्मे चार्थे च कामे च समर्थं प्रददौ धनम्
हया रथाश्च नागाश्च कोटिशः पुरुषास्तथा २०

धर्मके निमित्त अर्थके निमित्त कामके निमित्त पृथुराजाको देताभया उत्तम घोडे और उत्तम रथ और उत्तम गज और अने... क पुरुष कोटिसंख्याके २०

प्रादुर्बभूव वैन्यस्य चिंतना देव पांडव ॥
न जरा न च दुर्भिक्षं नाधयो व्याधयस्तथा २१

पृथुराजाके ध्यानकरणेसेही महाप्रतापसेही प्रगटहोतीभये और पृथुराज्याके राज्यमो जरानही होतीभई दुर्भिक्षनहीहोता भया आधी व्याधीभी नही होती भई २१

सरीसृपेभ्य स्तेनेभ्यो न चान्योन्यात्कदाचन
भयमुत्पद्यते तत्र तस्य राज्ञो भि रक्षणात् २२

हे राजन् राजा पृथुके रक्षाकरणेसे प्रजाको सर्पोसे भयनहीहोता भया और परस्पर कामक्रोध लोभसेभी भयनही होताभया उसके राज्यमो किसीकोभी किसीप्रकारका भयनही होताभया २२

आपस्तस्तंभिरे चास्य समुद्र मभियास्यतः
पर्वताश्च ददु र्मार्गं ध्वजभंगश्च नाभवत् २३

जो राजा पृथु समुद्रको लंघकर पारजानेकी इछाकरे तो उसको समुद्रके जलके अपना स्तंभनकरके मार्गदेते भये पर्वतभी तभी उसको मार्गदेते भये राजाके पृथुके रथकी ध्वजाकी भंगभी नही होताभया २३

तेनेयं पृथिवी दुग्धा सस्यानि दशसप्त च
यक्ष राक्षस नागैश्चा भीप्सितं यस्य यस्य यत् २४

हे राजन् उस राजा पृथुने इस पृथिवीको दोहनकिया तो जिसका जिसका जो जो इष्टभोजनरहा सो सो सभही पृथिवीके दोहनसे दशप्रकारके अष्टप्रकार अष्टादशधान्योको देतीभई राजा पृथुकी आज्ञाकरके यक्ष राक्षस नागोने और देवदानवपर्वतोने सर्वप्राणीयोने पृथिवीको दोहनकिया तो जिसका जिसका जोजो इष्टभोजनरहा सो सो सभही पृथिवीके दोहनसे सभको प्राप्त होताभया २४

तेन धर्मोत्तरश्चा ऽयं कृतो लोको महात्मना
रंजिताश्च प्रजा सर्वा स्तेन राजेति शब्द्यते २५

उस राजा पृथूने यह त्रैलोक्य धर्मकर्म प्रधानकिया ऐसे महात्माराजाने अपने राजधर्मकरके संपूर्ण प्रजाको रंजनकिया तो ते उसको राजा कहतेहै २५

ब्राह्मणानां क्षतत्राणा त्ततः क्षत्रियउच्यते

प्रथिता धर्मतश्चेयं पृथिवी बहुभिः स्मृता २९

ब्राह्मणोंको अधर्मघातके तत्तसे त्राणकरता भया ताते क्षत्रिय उसका कहाहे और धर्म कर्म विष होतप्रकारोंकर्के वहोत विस्तारको प्राप्तकीनी ताते पृथिवीनामको पृथुराजाके संबंधसे भईहे २९ ॥

स्थापनं चाकरोद्विष्णुः स्वयमेव सनातनः

नातिवर्तिष्यते कश्चिद्राजंस्त्वामिति भारत ३०

हे राजन् विष्णुभगवान् उसी राजाकी आज्ञामर्यादाको आप स्थापनकरतेभये हे राजन् पृथो तेरी आज्ञाको इसजगतमो कोईनही बदलेगा ऐसा विष्णुभगवान्कहकर ३७

तपसा भगवान्विष्णुराविवेश च भूमिपम्

देववन्नरदेवानां नमते यं जगन्नृप ३८

राजाके स्वरूपविषे अपने तेजोमय तपके भागसे आपप्रवेश करतेभये हे राजन् इसी हेतुसे देवता समान नरदेवराजाको संपूर्णजगत नमस्कारकरताहे ३८

दंडनीत्या च सततं रक्षितं तं नरेश्वर

नाधर्षयेत्तथा कश्चिच्चारनिष्यंद दर्शनात् ३९

ताते हे नरेश्वर राजाने दंडनीतिकर्के प्रजाकी रक्षाकर्तव्यहे उसका यही यत्नहे जो चारोंके निष्पंदकर्के संचारकर्के लोकवर्तांतको देषकर प्रजापालन दंडनीतिसे कर्तव्यहे ३९

शुभं हि कर्म राजेंद्र शुभत्वायोपकल्पते

आत्मना कारणैश्चैव समस्येह महीक्षितः ३०

हे राजेंद्र राजका शुभकर्म जोहे सोई सर्वलोककर्के शुभ करणेका हेतुहे इसीकारणसे राजाने आपने चित्तकर्के सर्व प्रकारके क्रियायोगोंकर्के सभको समान दृष्टिकर्के पालनकर्तव्यहे ३०

को हेतुर्यद्वशे तिष्ठेल्लोको दैवाद्दृते गुणान्

विष्णुर्ललाटाच्च कमलं सौवर्णमभवत्तदा ३१

हे राजन् युधिष्ठिर तेने मोको यह प्रश्न कियाहे जो राजाके सर्वजगत वशमें होताहे इसका कौनहेतुहे हे महाराज

श्री॰
रा॰ध॰
टी॰
२१३

दैवशरणविना यह कैसे बनाहे त्रिलोकके ललाटमें सुवर्णक मलहोतामया ३१

श्रीः संभूता यतो देवी पत्नी धर्मस्य धीमतः
श्रियः सकाशा दर्थश्च जातो धर्मेण पांडव ३२

इसी कमलसे लक्ष्मी देवी धर्मभगवानकी पत्नी भईहे उ सी ज्ञान ऐश्वर्य संपन्न भगवानके प्रभावसे लक्ष्मी देवीसें अर्थ उत्पन्नभयाहे ३२

अर्थो धर्म स्तथैवार्थः श्री श्च राज्ये प्रतिष्ठिता
सुकृतस्य क्षयाच्चैव स्वर्लोकाद् देत्य मेदिनी ३३

हे पांडव इसी अर्थसे धर्म कर्म होताहे वहोइ धर्म कर्मसे अर्थ होताहे अर्थकर्के राज्यविषे राज्य लक्ष्मीकी संपदाप्र तिष्ठितहोतीहे धर्मकर्मकर्के पुरुष स्वर्गभोगको प्राप्तहो ताहे जब स्वर्गभोगका क्षयहोनेको प्रवृत्त होताहे उसके भोगसे पुरुष पृथिवीको प्राप्तहोताहे ३३

पार्थिवो जायते तात दंडनीति विशारदः
महत्वेन च संयुक्तो वैसवेन नरो भुवि ३४

तब पृथिवी विषे राजा होताहे हे तात सो राजा दंडनीति विषे चतुरहोताहे कि भगवानजीकी महिमाके वैसव अंशसं युक्तपृथिवीविषे सो पुरुष राजा होताहे ३४

बुद्ध्या भवति संयुक्तो माहात्म्यं चाधि गच्छति
स्थापितं ते ततो देवै र्न कश्चि दति वर्तते ३५

वहोइ सो राजा लोकोत्तर बुद्धि संयुक्त होताहे ताते सर्वलो को विषे अधिक महिमाको प्राप्तहोताहे इसीकारणसे देव ता जनोने इस राजा वैसव अंशस्थापन कियाहे ताते इसरा जाके वचनको इसलोकविषे कोई बदलनहीं सकता ३५

तिष्ठ त्येकस्य च वशे तं चेदं न विधीयते
शुभं हि कर्म राजेंद्र शुभत्वा यो पकल्पते ३६

हे राजेंद्र इसी हेतुसे एक राजाके वशमें संपूर्ण जगत स्थित होताहे इसी वार्तामें संदेहनहीं कोई करता शुभक र्महे ताते शुभफलको कल्पना किवासते बनाहे ३६

तुल्य लोकस्य यन्नाये लोको वचसि तिष्ठति

यो स्य यो स्य मुखं पश्येत् तमास्यं सोऽस्य वशानुगः
सुभगं चार्थवन्तं च रूपवन्तं च पश्यति ३७
यह राजा शरीर के स्वभावकर्के लोक तुल्यदेखके वचनसो लो
क सभ उपस्थित होताहै जोजो पुरुष इसके मुखको देखताहै सो
सो पुरुष इसके वशवर्ती होताहै सुंदर और अर्थसिद्धिवाला रूप
वान् मनुष्य इस मुखदर्शनसे होताहै ३७
महत्वात्तस्य दंडस्य नीतिर्विस्पष्टलक्षणा
नयश्चारश्च विपुलो येन सर्वमिदं ततं ३८
इस राजाको दंडनीतिका सामर्थ्य बनाहै ताते इसलोकविषे
नीति स्पष्टलक्षण संयुक्त विद्यमानहै और नीतिका आचार वि
चारभी अत्यंत विस्तारसे बनाहै जिसकर्के यह सभही जगत
व्याप्तभयाहै ३८
आगमश्च पुराणानां महर्षीणां च संभवः
तीर्थवंशश्च वंशश्च नक्षत्राणां युधिष्ठिर ३९
हे राजन् युधिष्ठिर नीतिशास्त्रविषे पुराणोंका आगमबनाहै
और महाऋषिजनोंका आचार विचार धर्म संभव बनाहै ती
र्थोंका वंशविस्तार और नक्षत्रोंका वंशविस्तारभी नीतिशास्त्रसोहै ३९
सकलं चातुराश्रम्यं चातुर्होत्रं तथैव च
चातुर्वर्ण्यं तथैवात्र चातुर्विद्यं च कीर्तितं ४०
संपूर्ण आश्रमोंका आचार विचार धर्म और चातुर्होत्र विधान औ
र चारेवर्णोंका आचार विचारधर्म और चारवेदोंकी विद्या सोभी
नीतिशास्त्रमोंकहेहै ४०
इतिहासाश्च वेदाश्च न्यायः कृत्स्नश्च वर्णिताः
तपो ज्ञानमहिंसा च सत्यासत्ये नयः परः ४१
इतिहास चारवेद न्यायशास्त्र संपूर्ण युक्तिसंपन्न नीतिशास्त्रमो
है और तपज्ञान अहिंसा सत्य असत्य और सभही प्रकारका उ
त्तमन्याय राजनीति मोहीहै ४१
वृद्धोपसेवा दानं च शौचं उत्थानमेव च
सर्वभूतानुकंपा च सर्वमत्रोपवर्णितम् ४२
और वृद्धोंकी सेवा और दानधर्म स्त्रत्वधर्म और यात्राका उत्थान

श्री॰
रा॰ध॰
टी॰
२१४

सर्वभूतोविषे दया यह सभही इसमे वर्णन कियाहे ५२

भुवि स्वर्गे पाताले यच्च तत्र सर्वं समर्पितम्
तस्मिन्नैनात्सहे शास्त्रे पांडवे तत्र संशयः ५३

हे पांडव जो कछु भूलोकका वृत्तांत जाताहे सो सभही पितामह जीके कहे और पातालकाधर्म और ऊर्द्धलोकका वृत्तांतजाताहे सो सभही पितामहजीके कहे नीतिशास्त्रमे कहाहे ५३

ततो जगति राजेंद्र सततं शब्दितं बुधैः
देवाश्च नरदेवाश्च तुल्या इति विशांपते ५४

हे विशांपते राजन् उसी पितामह शास्त्रसे यह नीतिशास्त्रमे बुधलोकोने नीतिशास्त्र जगतमें प्रसिद्ध कियाहे इसीकारण से देवता विष्णुलोकसे लेकर नरदेव राजालोक तुल्यप्रभाव वालेहें १५४

एतत्ते सर्वमाख्यातं महत्त्वं प्रतिराजसु
कात्स्न्येन भरतश्रेष्ठ किमन्यदिह वर्तते १५५

इति श्री शांतिपर्वणि राजधर्मे ध्यायः ५९

हे युधिष्ठिर यह सब राजलोकोके महात्मके ऊपर तिरेकोक हा और का इस्थे कहताहे ५५॥ ॥ इति श्री महाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मे ऊनषष्टितमो ध्यायः ॥ ५९॥

वैशंपायनः ततः पुनः स गांगेय मभिवाद्य पितामहं प्रांजलि र्नियतो भूत्वा पर्यपृच्छद्युधिष्ठिरः १

वैशंपायनउवाच हे जनमेजय इसके अनंतर राजा युधिष्ठिर जोहे सो गांगेय जोहे सो भीष्मपितामह उनको नमस्कार वंदना करके प्रांजलि सावधान होकर बहोड प्रश्नकरताभया १

युधिष्ठिरउ॰ को धर्मः सर्ववर्णानां चातुर्वर्ण्यस्य के पृथक् चतुर्वर्णाश्रमाणां च राजधर्माश्च के मताः २

युधिष्ठिरउवाच हे भरतर्षभ सर्ववर्णोके साधारण धर्मकोनहे और चारवर्णोके पृथक पृथक धर्मकोनहे और चार आश्रमोके पृथक पृथक धर्मकोनहे और राजधर्म भीयकोनहे २

केन वै वर्द्धते राष्ट्रं राजा केन विवर्द्धते
केन पौराश्च भृत्याश्च वर्द्धते भरतर्षभ

और राजोकी राष्ट्र किसकर्के बढताहे और राजा आपकाकर्के ब

ढनाहे ओर शत्रुपुरवासी लोकक्या करके बढतेहे ओर भृत्यलोक क्याकर्के बढतेहे ३

कोशं दंडं च दुर्गं च सहायान्मंत्रिणस्तथा
ऋत्विक्पुरोहिताचार्यान् कीदृशान्वर्जयेन्नृपः ४

ओर कोशके स्वरूपको ओर दंडको स्वरूपको ओर दुर्गके स्वरूपको ओर राजाके सहाय लोकोके लक्षण ओर मंत्रियोके लक्षण ओर ऋत्विक् लक्षण पुरोहितके लक्षण आचार्यको लक्षणकहो ओर ऋत्विक पुरोहित आचार्य मंत्री आदिक राजानें केसे कर्तव्यहे ओर केसे वर्जनीयहे यहकहो ४

केषु विश्वसितव्यं स्याद्राज्ञां कस्यांचिदापदि
कुतो वात्मा दृढं रक्ष्यस्तन्मे ब्रूहि पितामह ५

हे पितामहजी राजानें केसे पुरुषोविषे विश्वासकर्तव्यहे ओर राजाको किसीकालकी आपदाआयप्राप्त होवे तो कहा विश्वास कर्तव्यहे कोन प्रकारसे कहासे आत्मरक्षा कर्तव्यहे जिसप्रकारको मेरे प्रतिकहो ५

भीष्मउवाच नमो धर्माय महते नमः कृष्णाय वेधसे
ब्राह्मणेभ्यो नमस्कृत्य धर्मान्वक्ष्यामि शाश्वतान् ६

भीष्मउवाच हेराजन् प्रथमप्रभावसंपन्न धर्म भगवानको नमस्कारकर्के पुनः कृष्ण भगवानजी विश्वका विस्तारकरणेहारेको नमस्कार ओर धर्मकर्मके वेत्ता ओर वक्ता जो ब्राह्मदेवता तिन्हको नमस्कारकर्के इन्हके प्रसादसे मे ध्रुव सनातन युगयुगांतरके प्रमाणभूत सकलधर्मोके यथामति कहताहूं ६

अक्रोधः सत्यवचनं संविभागः क्षमा तथा
प्रजनः स्वेषु दारेषु शौचमद्रोह एव च ७

प्रथम सर्वसाधारण सर्व वर्णोके धर्म कहताहूं अक्रोधक्या क्रोधको त्यागकरणा सत्यवचन करणा द्रव्यका उपार्जन देवता पितर अतिथि कुटुंबको यथाभागदेना ओर क्षमाकरणी ओर अपने दाराविषे संतानकरणी ओर देहका शौच मनका शौचकरणा ओर द्रोहको त्यागकरणा ७

आर्जवं भृत्यभरणं नवैते सार्ववर्णिकाः
ब्राह्मणस्य तु यो धर्मः स्तं ते वक्ष्यामि केवलं ८

श्री॰
शां॰प॰
टी॰
२१५

215

और आर्जव अकुटिलता और आश्रित भृत्योंका अन्नवस्त्रादिक
कै पोषणकरणा यह वर्णोके साधारण धर्म कहेहे ८ ॥

दम मेव महाराज धर्म माहुः पुरातनम्
स्वाध्याया भ्यसनं चैव तत्र कर्म समाप्यते ९

अब ब्राह्मणवर्णके जो केवल धर्महे तिन्हको कहतेहे हे महारा
ज प्रथम ब्राह्मणका मुख्यधर्म दमही पुरातन कहाहे और अपने
वेदके स्वाध्यायका अभ्यास इसीकर्के ब्राह्मणका ब्रह्मकर्म सि
द्धहोताहे ९ ॥

तं चे द्वित्त मुपागच्छे द्वर्तमानं स्वकर्मणि
अकुर्वाणं विकर्माणि शांतं विज्ञान तर्पितं

हे राजन् जो ब्राह्मणको अपने ब्रह्मकर्मकी निष्ठाकरके अ
याचित शुद्धधन प्राप्तहोवे तो सो ब्राह्मण निषिद्धकर्मको नक
रे शांतवृत्तिहोवे ज्ञान विज्ञानकर्केही तृप्तहोवे इसवृत्तिक
र्के कदाचित धनप्राप्त होवेतो १०

कुर्वीता पत्य संतान मथो दद्या द्यजेत च
सं विभज्य हि भोक्तव्यं धनं सद्भि रितीर्यते ११

देवऋण पितृऋण मनुष्यऋणकी मुक्तिवास्ते संतानवृद्धिक
रे और नित्यदानभीकरे यज्ञभी करे धनको विभागबांटक
र्के भोक्तव्यहे यह संतजनोने कहाहे ११

परि निष्ठित कार्यस्तु स्वाध्याये नैव ब्राह्मणः
कुर्या दन्य न्नवा कुर्या न्मैत्रो ब्राह्मण उच्यते १२

ब्राह्मण जोहे सो अपने स्वाध्यायकर्केही ब्रह्मकर्मकी का
र्यनिष्ठाको सिद्धहोताहे अपने स्वाध्यायसे अधिक अध्यय
नकरे अथवा नाकरे सो ब्राह्मण मैत्रब्राह्मण कहाहे
क्रोधलोभादि वर्जनसे सभका मित्रहोताहे १२

क्षत्रिय स्यापि यो धर्म स्तं ते वक्ष्यामि भारत
दद्या द्राजन्न याचेत यजेत चन याजयेत् १३

हे भारत अब क्षत्रीके यो धर्महे तिन्हको कहतेहे क्षत्रीदान
देवे याचनप्रतिग्रहणकरणाकरे आपयज्ञकर्मकरे कि
सिसे याजन नाकरावे १३

नाध्यापये दधीयेत प्रजाश्च परिपालयेत्

नित्यो युक्तो दस्युवधे रणे कुर्यात् पराक्रमम् १४

आप स्वाध्यायका अध्ययनकरे अध्यापन नहीकरावे प्रजाको ध
र्मकर्के पालनकरे नित्यही दंडनीति विषे उद्यतहोवे चोरादिको
के वधविषे सदाउद्यमकरे ओर रणविषे पराक्रमकरे १४

ये तु क्रतुभि राजानः श्रुतवंतश्च भूमिपाः
य एवा हवजेतार स्त एषां लोकजित्तमाः १५

जोनसे राजालोक यज्ञोकर्के यजनकरतेहे ओर राजनीतिका श्र
वणकरतेहे ओर जो राजे रणको जीतनेहारेहे उन्हको लोक
जितविन तपस्वी लोकोके प्राप्तहोतेहे इस लोकको जीतकर
स्वर्गलोककोभी जीततेहे महाजेताहोतेहैं १५

अविक्षतेन देहेन समराद्यो निवर्तते
क्षत्रियो नास्य तत्कर्म प्रशंसंति पुराविदः १६

जो क्षत्रिरणमों जाइकर अपने शरीरको शस्त्रप्रहारकर्के घात
किये विना रणसे फिर आवताहे उसकी रणत्यागरूपी कर्मको
पुराणे राजधर्मको जाननेहारे प्रधानलोक प्रशंसानही करते
निंदाकरतेहैं १६

एवं हि क्षत्रबंधूनां मार्ग शक्रः प्रधानतः ॥
नाऽस्य कृत्यतमं किंचि दन्य द्दस्युनिबर्हणात् १७

हे राजन् इसप्रकारका क्षत्रबंधुजनोका प्रधानधर्ममार्गहे क्षत्रीज
नोको शत्रुवध ओर चोरवध इन्हसे ओर धर्म कर्मनहीहे १७

दान मध्ययनं यज्ञो राज्ञां क्षेमो विधीयते
तस्माद्राज्ञा विशेषेण योद्धव्यं धर्म मीप्सिता १८

दानकरणा अध्ययनकरणा ओर यज्ञकरणा यह क्षत्रीको सु
खसंपदाके धर्महे ताते राजाने अपने धर्म कर्मकी सिद्धिवास
ते शत्रुके साथ चोरोकी साहसी ओके साथ युद्धही धर्म कर्म
की वांछावासते कर्तव्यहे १८

स्वेषु धर्मेष्व वस्थाप्य प्रजाः सर्वा महीपतिः
धर्मेण सर्व कृत्यानि शमनिष्ठानि कारयेत् १९

राजा जोहे सो प्रजाको अपने धर्मोविषे व्यवस्थासे स्थापनक
र्के धर्मकर्केही सर्वकार्योको शमनिष्ठाको प्राप्तकरे १९

परिनिष्ठितकार्यस्तु नृपतिः परिपालनात्
ऊर्यादन्यन्न वा कुर्यादैन्द्रो राजन्य उच्यते २०

हे राजन् राजा जो है सो प्रजाके पालनेसेही अपने कार्यनिष्ठा को समाप्तकरताहै प्रजापालनेसे सदा कृतकृत्य होवे और दान यज्ञादिक कर्मकरे नाकरे सो राजा इंद्रक्षत्री कहाहै २०

वैश्यस्यापि हि यो धर्मस्तं ते वक्ष्यामि शाश्वतं
दानमध्ययनं यज्ञः शौचेन धनसंचयः २१

अब वैश्यकीभी जो धर्महै उन्हको कहतेहैं दानकरणा अध्ययन करणा शुद्धव्यापार कृषि आदिकसे धनसंग्रहकरणा २१

पितृवत्पालयेद्वैश्यो युक्तः सर्वान्पशूनिह
विकर्म तद्भवेदन्यत्कर्म यत्स समाचरेत् २२

वैश्य पशुपालकर्मको सदा उद्यमसे करे इसको त्यागकर वैश्य और कर्मजो करे सो उसको विकर्महैं २२

रक्षया स हि तेषां वै महत्सुखमवाप्नुयात्
प्रजापतिर्हि वैश्याय सृष्ट्वा परिददौ पशून् २३

सो वैश्य पशुजातीकी रक्षासेही महासुखको प्राप्तहोताहै प्रजापति भगवान् सृष्टि कर्मकरके पशुजातिको रक्षावास्ते वैश्य को देताभया २३

ब्राह्मणाय च राज्ञे च सर्वाः परिददे प्रजाः
तस्य वृत्तिं प्रवक्ष्यामि यच्च तस्योपजीवनं २४

ब्राह्मणको और राजाको संपूर्ण प्रजाधर्म कर्मकी मर्यादा रक्षा वास्ते दीती तातें वैश्यका धर्म पशुपालनहीहै अब वैश्यके उपजीवन वृत्ति कहतेहैं नित्यवृत्ति उसकी षट्धेनू प्रसूतिवाली होवे तिन्हविषे एकधेनुका दुग्ध वैश्यगोरक्षाकी उपजीवका मजूरीपावे और जब वर्षहोजावे तब गोशतसे एक गोयुग्म तलबपावे एक गौ एक वृषभसे पावे २४

षण्णामेकां पिबेद्धेनुं शताच्च मिथुनं हरेत्
लब्धाच्च सप्तमं भागं तथा शृंगे कलां खुरे २५

जो वाणिज्यकरे तो जो व्यापारसे लाभआवे उसलाभका सप्तमांश अपने धनीसेपावे इसीप्रकार पराईखेती विषेभी लाभका सप्तमांशलेवे २५

सस्यानि सर्व बीजाना मेषां सांवत्सरी भृतिः
न च वैश्यस्य कामः स्या न्न रक्षेयं पशू निति २६

और वर्ष पीछे सर्व सर्व बीजोकी खेती वर्षकी उसकी कहीहे वैश्यको ऐसी कामना न होवे जो मे पशुरक्षा न करेगा २६

वैश्ये चे च्छति नान्येन रक्षितव्याः कथंचन
शूद्रस्या पि हि यो धर्म स्तं ते वक्ष्यामि भारत २७

जो वैश्य पशुरक्षा किया चाहे तो और पशुवर्ण पशुरक्षा नहीं करे अब शूद्रका जो स्वधर्महे उसको कहतेहे २७

प्रजापति र्हि वर्णानां दासं शूद्र मकारयत्
तस्मा च्छूद्रस्य वर्णानां परिचर्या विधीयते २८

हे भारत प्रजापति भगवान् शूद्रको सृजकर्के शूद्रको दासधर्म ही करदेताभया ताते शूद्रने ब्राह्मण क्षत्री वैश्योकी सेवाही कर्तव्यहे २८

तेषां शुश्रूषणा च्चैव मह त्सुख मवाप्नुयात्
शूद्र एता न्परिचरे त्रीन्वर्णा ननुपूर्वशः २९

शूद्र तीनवर्णोके सेवा कर्के ही महासुखको प्राप्त होताहे ताते शूद्र इन्ह तीन वर्णोकी परिचर्या क्रमसे करे प्रथम ब्राह्मणोकी सेवाकरे पुन क्षत्रीके सेवा पुन वैश्यकी सेवाकरे २९

संचयां श्च न कुर्वीत जातु शूद्रः कथंचन ॥
पापीया न्हि धने लब्ध्वा वशीकुर्या द्गरीयसः ३०

धन संग्रह शूद्र कदापि न करे संग्रहसे पापीहोताहे धनको पाइकर अपने गुरुजोहे तीन वर्ण तिन्हसे सेवाकराणे कर्के उन्हको अवमान करेगा ३०

राज्ञा वा समनुज्ञातः कामं कुर्वीत धार्मिकः
तस्य वृत्तिं प्रवक्ष्यामि यच्च तस्यो पजीवनम् ३१

जो राजा धनसंग्रहकी आज्ञाकरे तो राजाकी आज्ञासे सेवाधर्म जानकर्के अपने लोभकर्के नकरे अब शूद्रकी वृत्ति कहते जिसकर्के उपजीवन होवे ३१

अवश्य भरणी यो हि वर्णानां शूद्र उच्यते
छत्रं वेष्टन मौशीर उपान द्व्यजना नि च ३२

श्री॰
शा॰प॰
टी॰
२१७

217

हे राजन् तीन वर्णोने शूद्रको अवश्य पोषण कर्तव्य है छत्र
और पोषाणादि वेष्टन और उपानह पंखादि विक्रयकर्के उपजी
वनकरे तीन वर्णोने उससे एते पदार्थोंका मोल उसकोदेना ३२

छत्रवेष्टनानि देयानि शूद्राय परिचारिणे ॥
अधार्याणि विशीर्णानि वसनानि द्विजातिभिः ३३

जोनसा शूद्र अपनी सेवा करताहे उसको अपने पुरातन
वस्त्रदेने आप उन्होने जीर्ण पुरातन वस्त्रनही धारणे ३३

शूद्रायैव प्रदेयानि तस्य धर्मधनं हि तत्
यं च कंचिद् द्विजातीनां शूद्रः शुश्रूषुरावजेत् ३४

पुरातन जीर्णवस्त्र तीनवर्णोने शूद्रोको हि देने उसका ओही ध
नहे शूद्र तीनवर्णों विषे जिसके शुश्रूषा करणे आवे ३४

कल्प्यां तेन तु ते प्राहुर्वृत्तिं धर्मविदो जनाः
देयः पिंडो न पत्याय भर्तव्यौ वृद्ध दुर्बलौ ३५

उसी वर्णोने उसकी वृत्तिका उपजीवन कर्तव्य हे जो शूद्र अनप
त्य अपुत्र होइ तो उसको तीर्थ महालयादि विषे उसका स्वा
मी पिंडदेवे ३५ ॥

शूद्रेण तु न हातव्यो भर्ता कस्यां चिदापदि
अतिरेकेण भर्तव्यो भर्ता द्रव्यपरिक्षये ३६

और शूद्रने अपनी पोषण करणेहारा स्वामी अतिकठिन आ
पदामोभी परित्याग नही करणा अपनी कुटुंब पालनासे
अधिक अन्नादि संपदाकर्के अपनी स्वामीका पोषण कर्तव्य हे ३६

नहि स्वमस्ति शूद्रस्य भर्तृहार्यधनो हि सः
उक्तस्त्रयाणां वर्णानां यज्ञस्तस्य च भारत ३७

और शूद्रको अपनी सेवा लब्ध धनमो अपना सत्व नहीहे भर्ता
को उसका द्रव्यका स्वामीभावहे यह प्रमाण धर्मशास्त्रमो क
हाहे हे राजन् यह तीन अधनहे धनके स्वामी नहीहे तीन
कौनहे भार्या और शूद्रहे हल अरु और सुत जिसकी पास वश
वर्ती यह हो तैसे इन्हके स्वामी कहाहे जिससे यह धनीव
नेहे इस शूद्रको तीनवर्णोंको भोजनका पाक यज्ञ लिखाहे
तीनवर्णोंकी पाकशालामो अन्नदानकहाहे ३७

स्वाहाकार वषट्कारो मंत्रः शूद्रे न विद्यते
तस्माच्छूद्रः पाकयज्ञैः यजेत व्रतवान् स्वयं ४८

स्वाहाकार स्वधाकार वषट्कार वेदमंत्र शूद्रविषे नहीहे
ताते शूद्र पाकयज्ञकर्के यजनकरे यह शूद्र उपनयनादि
श्रौत व्रतोसे हीनहे अव्रतहे इस हेतुसे पाकयज्ञ जोहे
रुद्रयज्ञ ग्रहशांति वैश्वदेवादि यज्ञ उन्हका अधिकारीहे ४८

पूर्णपात्रमयी माहुः पाकयज्ञस्य दक्षिणाम्
शूद्रः पैजवनो नाम सहस्राणां शतं ददौ
ऐंद्राग्नेन विधानेन दक्षिणा मिति नः श्रुतं ४९

पाक यज्ञकी दक्षिणा पूर्णपात्रमयी कहीहे अब पूर्णपात्रका
परिमाणकहतेहे अष्टमुष्टि किंचित् परिमाणकहाहे सो किं
चित् ग्राह्यहोवे तो ग्रुसकलहोताहे और सो पुष्कलचारहोवे
तो पूर्णपात्रकहाहे यही पूर्णपात्र शूद्रने गोदान दक्षिणा
स्थानमो दानमहे शूद्रको नाममंत्र अथवा पौराणिक मंत्र
यज्ञहोमादिकोविषे शूद्रपद्धतीमों कहेहे हे राजन् पैजव
न नामवाला शूद्र एकभयाहे ऐंद्राग्न यज्ञविधिविषे पूर्णपा
त्रोंके सहस्रोका एकशत दक्षिणादेताभया ऐसा हमने श्रु
तिवृत्तांतोविषे सुनाहे ४९

यतो हि सर्ववर्णानां यज्ञस्तस्यैव भारत
अग्रे सर्वेषु यज्ञेषु श्रद्धायज्ञो विधीयते ५०

हे राजन् यद्यपि शूद्रको अमंत्रयज्ञका अधिकारकहाहे तो
भी यह शूद्र तीनवर्णोंकी सेवाकरताहे तीन वर्णजो जो
यज्ञकरतेहे उन्होंके यज्ञोकाफल सेवाकर्के शूद्रको सर्वय
ज्ञोका फलप्राप्तहोताहे सर्वयज्ञोविषे श्रद्धायज्ञ विशेष
फलको करताहे ५०

दैवतं हि महच्छ्रद्धा पवित्रं यजतां च यत्
दैवतं हि परं विप्राः स्वेन स्वेन परस्परम् ५१

हे राजन् श्रद्धा परमदेवताहे श्रद्धाही यज्ञकारी जनोविषे प
रमपवित्रहे श्रद्धाकर्के तीन वर्णोंकी सेवा शूद्रकरताहे
और ब्राह्मणभी परमदेवताहे ब्राह्मणयज्ञकरतेहे शूद्र
सेवा करताहे इन्हको परस्पर अपने अपने कर्मका उपकार

श्री
य.प.
टी.
२१८

फलहोताहै ताते शूद्रको ब्राह्मणद्वारा यज्ञकरणेका फल हो जाताहै ५१ ॥

अयज्ञ निह मयैले नैलैः कामैः समाहितैः
संसृष्टा ब्राह्मणा देव त्रिषुवर्णेषु सृष्टयः ५२

तीन जो वर्णहै सो यज्ञोंकर्के यजन करते भये जो जो साधन सामग्री अनेक कामभोगो कर्के होतीहै इसके वास्ते शूद्रोके साथ ब्राह्मणोको संबंध बनाहै औरे तीनवर्ण क्षत्रियादिक ब्राह्मणोसेही उत्पन्न भयाहै ताते परम्परा सृष्टि संबंध कर्के शूद्रको यज्ञफलका अधिकार बनाहै ५२

देवाना मपि देवाये यद्ब्रूयु स्ते परं हितं ॥
तस्माद्वर्णैः सर्वयज्ञाः संसृज्यंते न काम्यया ५३

हे राजन् देवगणोकोभी देवता ब्राह्मणहै जो कहेंगे ब्राह्मण सो परम हितहै ताते ब्राह्मणोके वचनसे संपूर्णवर्णोके साथ सभही परस्पर उपकारकर्के स्वभाव संबंधको करतेहै यज्ञकामनाकर्के संबंधको नही करते ५३

ऋग्यजुः सामवि त्पूज्यो नित्यं स्याद्देववद्द्विजः
अनृग्यजु रसामा च प्राजापत्य उपद्रवः ५४

इसविषे अबहेतकहतेहै ब्राह्मण जोहै सो ऋग्यजुः सामका वेत्ताहै ताते देवताके समान पूजनीय कहाहै शूद्रजोहै सो ऋग्यजुः सामका अधिकारी नहीहै तोभी उपद्रवहै सेवा संबंधकर्के ब्राह्मणोके उपद्रवा समीपको द्रवति क्या जाइप्राप्त होताहै औरे प्राजापत्यहै प्रजापतिसे सृष्टिद्वारा उत्पन्न भयाहै दासदानविषे इसको प्रजापति देवता का उच्चारणा करतेहै अभिप्राय ब्राह्मण ब्राह्मणको जैसे अग्निदेवता ककहतेहै इंद्रः क्षत्रियः क्षत्री इंद्र देवताक कहतेहै तैसे शूद्रको प्रजापति देवताक कहतेहै ५४

यज्ञो मनीषया तात सर्ववर्णेषु भारत
नास्य यज्ञहुतो देवा ईहंते ते तदेजनाः ५५

औरे तैसेही मनकर्के मानसयज्ञ करणेद्वारा सर्ववर्णोविषे मख्यहै इसके यज्ञकर्मको देवता औरे जनभी नही । वांछाकर्ते इति न ऐसे नकहो अपित यहते एव चाहते हीहै

सो ईहते श्रद्धाहुतयज्ञहै ताते सभही देवता मानसयज्ञमें श्रद्धाहुतभागको लेतीहीहै ४५

ततः सर्वेषु वर्णेषु श्रद्धायज्ञो विधीयते ॥

दैवं दैवतं ब्राह्मणाः स्वेन नित्यं परा न्वर्णा नायज्ञन्नैव मासीत् अधर्मो वितानः संसृष्टो वैश्यो ब्राह्मणे सिषु वर्णेषु यज्ञसृष्टः ४६

ताते सर्ववर्णोविषे श्रद्धाहुतयज्ञका अधिकार बनाहै जो तुम प्रश्न करोगे अग्निहोत्र हीन अमंत्रकैं शूद्रको पाकयज्ञोविषे कैसे अधिकार होताहै उत्तरकहतेहैं ब्राह्मण आपदेवताहै तीन वर्णोका आपही असाधारणदेवताहै मुख्यदेवताहै सो वर्णो के अपने प्रत्यक्षदेवताहै अपने यजमान जोहै तीनवर्ण तिन्हको यज्ञनहींकरावतेहै किंतु करावतेंहीहै अमुककामनावास्ते अमुक यजमानने मोको वरणदियाहै उसको निमित्तकर्कै मै आचार्य कर्मको करताहूं इसप्रकार यजमानकेवास्ते यज्ञविधिको करतेभये उस यज्ञका फलयजमानको होताहै जो श्रौतविधानसे अधरव्या नीच अग्निकार्यका विस्तार वैश्यादि वर्णोविषे होताहै तो लौकिक विवाहादि संस्कारोविषे अग्नीभी वैश्यादि यजमानके आवताहै उसको गृह्यपद्धतिके मंत्रोका संस्कारहोताहै ताते ब्राह्मण तीनोवर्णो विषे यज्ञकर्मकर्कै संसृष्टभयाहै मिलितभयाहै ४६

तस्माद्वर्णा ऋजवो ज्ञातिवर्णाः संसृज्यते तस्य विकार एव एकं साम यज्ञ एकं ऋगेका विप्रश्रेका निश्चये तेषु दृष्टः ॥ ४७

हे राजन् जिस हेतुसे ब्राह्मण तीनोवर्णोविषे क्षत्रियादिको विषे यज्ञविधिकर्कै मिलाहै ताते सभही वर्ण यज्ञ विधीविषे समानहै जेते ज्ञातिमात्र वर्णहै सो ब्राह्मणके विकारहै क्षत्रियादि कन्याविषे ब्राह्मणसे होतेहै सो ज्ञातिविवेकाविषे मूर्धाभिषिक्तादि नामधारक ज्ञातिविषे धर्म कर्मसे जन्म संबंधसे ब्राह्मण संसृष्टभयेहै और भी एकहेतुहै उसको भी आपनिश्चयकरो प्रथमतो सृष्टिके आदविषे एकविप्र ब्रह्माही ब्राह्मण होताभया ब्रह्मासेभी प्रथम ब्राह्मणवर्णही उत्पन्नभया उसीसे संपूर्ण वर्णोकी संतानभईहै ताते

सभही वर्ण ब्राह्मणहै इहां इह दृष्टांतहै अकारो वै सर्वावाक अकारही संपूर्णवाणीहै सोई ककारादि स्पर्शरूप पंचविंशति वर्णभेदकर्के बहुरूप भईहै जैसे अकारही सर्व वर्ण रूपहै तैसे ब्राह्मणही यज्ञकर्मके संबंधकर्के सर्व वर्णोका मूलभूतहै ताते ब्रह्माही ब्राह्मणादि वर्णरूपहै सर्व वर्णोको यज्ञादि कर्मका ब्राह्मणद्वारा अधिकारहै इसहेतुसे शूद्रको अमंत्रक पाकयज्ञादि अधिकार बनाहै ५७

अथ गाथा यज्ञगीताः कीर्तयंति पुराविदः
वैखानसानां राजेंद्र मुनीनां भिक्षुभिक्षुणां ५८

हे राजन् अहा यज्ञवासने एकगाथा विष्णुभगवानजीने कही है उसको पुरातन शास्त्रवेत्ता कहतेहै वैखानस मुनिजोहै सो यज्ञकरणेकी वांछा करतेभये तहां यह गाथा प्रवृत्तभईहै ५८

उदिते नुदिते वापि श्रद्दधानो जितेंद्रियः
वह्निं जुहोति धर्मेण श्रद्धा वै कारणं महत् ५९

उदितभया अथवा संपदाका उदेभया अथवानही ॥

वेदविधिमो कहाहै सूर्यउदेभया अथवा नहींभया श्रद्धायुक्त जितेंद्रि पुरुष अग्निको अपने धर्म कर्मकर्के होमको अग्निहोत्र करताहै उसको होमकाफल अवश्य प्राप्तहोताहै ५९

एककर्म समस्त तत्सर्वं यदेककर्म तदुत्तरम्
बहूनि यज्ञरूपाणि नानाकर्म फलानि च ६०

ऋग्वेदके बह्वृच ब्राह्मणविषे षोडशकल अग्निहोत्र कहाहै जो पूर्वला अग्निहोत्र किया विधिसे किया जो उत्तर अग्निहोत्र भी विधिसे तो बाकीके षोडशहोत्रभी यज्ञरूप बहोतहै सोभी नानाकर्म फलवाले होजातेहै ६०

नास्ति यः संप्रजानाति ज्ञान निश्चय निश्चितः
द्विजाति श्रद्धया पेतः स इष्टुं पुरुषो र्हति ६१

उनको जो ज्ञान निश्चयवाला पुरुषजानताहै ऐसा जो द्विजहै श्रद्धायुक्त सो पुरुष यज्ञपुरुष विष्णुको यजन करणेको योग्यहोताहै ६१

स्तेनो वा यदि वा पापो यदि वा पापकृत्तमः
इष्टुमिच्छति यज्ञं यः साधु मेव वदंति तम् ६२

हे राजन् स्तेन चोर होय पापीहोय अथवा महापातकादि करणिहारा अति चोर पापीहोय जो श्रद्धाकर्के यज्ञभग

वान् जिसको यजनकरा चाहताहै उसको सभही देवता मु
नि साधुकहतेहै ५३

ऋषय स्तं प्रशंसंति साधु वै तद संशयम्
सर्वथा सर्वदा वर्णो यष्टव्य मिति निर्णयः ५३

उसको सभही ऋषी साधुसेभी अति उत्तम साधुको कहकर प्रशं
सा करतेहै इसविषे संशयनहींहै याते सभही महात्मालोक
यत्नकरणाही कहतेहै जिस पुरुषने शुभफलके अनुभवकी
वांछाहोवे उसने अवश्य श्रद्धाकर्के यज्ञकर्म कर्तव्यहै ५३

न हि यज्ञ समं किंचि त्रिषु लोकेषु विद्यते
यस्माद्यष्टव्य मित्याहुः पुरुषेणा नुसूयते ५४

सर्वथा सर्वप्रकारसे यज्ञकरणा यही सभशास्त्रोंका निश्चयहै य
ज्ञके समान त्रैलोक्य विषे ओैर धर्म कर्म नहीहै ५४

श्रद्धा पवित्र माश्रित्य यथाशक्ति यथेच्छया ५५
इति शांतौ राजधर्मेषु षष्टितमोध्यायः ६०

श्रद्धाही पवित्र साधनहै ओैर श्रद्धाही पवित्रविधीहै श्रद्धा उत्तमय
ज्ञहै श्रद्धाही उत्तमफलहै श्रद्धाविना कृतकर्म अकृतहोताहै ५५
इतिश्री महाभारते शतसहस्र्यां शांतिपर्वणि राजधर्मे षष्टित
मोध्यायः ६० ॥ ॥

भीष्मउवाच आश्रमाणां महाबाहो शृणु सत्य पराक्र
म चतुर्णा मपि नामानि कर्माणि च युधिष्ठिर १

भीष्मउवाच हे सत्यपराक्रम हे युधिष्ठिर चारवर्णोंके धर्मकर्मतो
को कहेहै हे महाबाहो अब चार आश्रमोंके धर्मको कहतेहै
प्रथम तुम चार आश्रमोंके नाम कहतेहै तदनंतर कर्म
उन्हकेभी कहतेहै १ ॥

वानप्रस्थं भैक्ष्यचर्यं गार्हस्थ्यं च महाश्रमम्
ब्रह्मचर्याश्रमं प्राहु श्चतुर्थं ब्राह्मणै र्वृतम् २

हे राजन् वानप्रस्थ आश्रम भिक्षाचारीहै ओैर गृहस्थाश्रम सभसे
बडाहै ताते यह महाआश्रम ओैर ब्रह्मचर्य आश्रम प्रथमहै ओै
र चतुर्थ संन्यास आश्रमहै यह दो आश्रम ब्राह्मणोंके व्रतरूपहै २

जटा धारण संस्कारं द्विजाति त्व मवाप्य च
आधानादीनि कर्माणि प्राप्य वेद मधीत्य च ३

जब इसका जन्महोताहै तो जातकर्मादि संस्कारोंके अनंतर ब

चूडाकर्मको मुंडन संस्कारको प्राप्तहोकर्के वहोड जपधारण
रूप उपनयनके अनंतर ब्रह्मचर्य आश्रमकर्के द्विजातिभाव
को प्राप्तहोकर्के वेदोंके अध्ययनकर्के प्राप्तहोकर अग्न्याधाना
दिसंस्कार गृहस्थाश्रमविधीसे करे प्रजजन्मादिकर्के उनके
उपनयन विवाहादि कर्के वानप्रस्थाश्रमको जावे ३

सदारो वाप्यदारो वा आत्मवा नंयते न्द्रियः
वानप्रस्थाश्रमं गच्छे त्कृत कृत्यो गृहाश्रमात् ४

दारासहितजावे अथवा दारारहितहोकरजावे आत्मावेत्ताहोय
जितेंद्रियहोवे परंतु गृहस्थाश्रमसे कृतकृत्यहोजावे ४

तत्रा रण्यक शास्त्राणि समधीत्य स धर्मवित्
कुर्धरेणा प्रव्रजिता गच्छत्यन्तरसान्ततामः ५

वानप्रस्थाश्रमविषे प्राप्तहोकर तहां वानप्रस्थोविषे धर्मशास्त्रो
मोहे अरण्यवासविधीके उनको पटलेवे श्रवणभीकरे वानप्र
स्थधर्मका वेत्ताहोवे कुर्दरेताहोवे जो इसप्रकार वनविषे प्रव्र
ज्याकरे तो देहत्यागकर्के अक्षर सान्तताजोहे कैवल्यमुक्तिउ
सको प्राप्तहोताहै ५

एतान्येव निमित्तानि मुनीना मूर्धरेतसाम्
कर्तव्यानीह विप्रेणा राजन्नादौ विपश्चिता ६

हे राजन् एहीनिमित्त उर्दरेता मुनिवरोंकेहे ब्राह्मणने ब्रह्म
चर्यविषे कर्तव्यहे प्रथम आश्रममोही आदकर्तव्यहै ६

चरित ब्रह्मचर्यस्य ब्राह्मण[illegible] विष्णोपते
भैक्ष्यचर्यास्वधीकारः प्रशस्त इहमोनिनः ७

जिस ब्राह्मणने ब्रह्मचर्य करलिया और ब्रह्मचर्यसेही मोक्षवां
छाकरे भिक्षाचारीकी वृत्तिकर कहाहै ७

यत्रा स्तमित शायीस्या न्निराशी रनिकेतनः
यथोपलब्ध जीवीस्या न्मुनिर्दांतो जितेंद्रियः ८

जहां सूर्य अस्तहोय तहां शायनकरे निराशीहोय अयाचितह
त्तिहोय निवासस्थानकी रक्षारहितहोय यथेष्ट अनायासप्रा
प्तभोजनकरे मौनवृत्तिकरे जितेंद्रियहोवे ८

निराशीः स्या त्सर्वसमो निर्मोहो निर्विकारवान्
विप्रः क्षेमाश्रमं प्राप्तो गच्छत्यन्तर सान्ततामः ९

अयाचितवृत्तिहोय सर्वभूतोविषे समहोय भोगतृस्नारहितहो वे और कामसंकल्पादि विकाररहितहोवे ऐसा विप्रजोहै सो वेदोको अध्ययनकर्के वानप्रस्थ आश्रमप्राप्तभयाहै अक्षरसा म्यताजोहै ब्रह्मसायुज्यता उसको प्राप्तहोताहै ९

अधीतवेदः कृतसर्वकृत्यः संतानमुत्पाद्य सुखा नियुक्ता समाहितः प्रचरेत् दुश्चरंयो गार्हस्थ्यध र्मं मुनिधर्मजुष्टं १० ॥

हे राजन् अब गृहस्थको मोक्षप्राप्तिकहतेहै गृहस्थजोहै सो वे दोको अध्ययनकर्के गृहस्थधर्मके सर्वकृत्यका करके संतानको उत्पन्नकर्के और भोगसंपदाकोभी भोगकर्के निस्कामकर्मयोग युक्तहोवे इसप्रकार गृहस्थधर्मको करताहै कैसाहै गृहस्थध र्म उत्तममुनिजनोकर्के सेवितहै १०

स्वदारतुष्ट ऋतुकालगामी नियोगसेवी नश ठोन जिह्मः मिताशनो देवरतः कृतज्ञः सत्यो मृदुश्चा नृशंसः क्षमावान ११

वहोउ कैसाहै गृहस्थ अपनी दारा युक्तहै ऋतुकालविषे दारा विषे गमनकरणेहाराहै गुरुनियोगको सेवनेहारा यथोक्त गुरुशास्त्र आज्ञकारीहै नशठधूर्तहोय नकपटीहोय स्वल्पा हारहोय देवपूजारतहोय और कृतज्ञहोय और सत्यवक्ता होय मृदुवचनभाषीहोय [illegible]ंस दयावान क्षमावानहोय

दांतो विधेयो हव्यकव्ये प्रमत्तो ह्यन्नस्य दाता स ततं द्विजेभ्यः अमत्सरी सर्वलिंगि प्रदाता वै तान नित्यश्च गृहाश्रमीस्यात् १२

दांतहोय जितचित्तहोय हव्यकव्यमो देवपितृकार्यमो सा वधानहोय और अपने गृहसे ब्राह्मणोको अन्नदाताहोय अ मत्सर अक्रोध सर्वप्रकारके अतिथीजनोको दानदाताहोय और वेदविधीके श्रौतकर्मकर्ता नित्यहोय ऐसा गृहस्थाश्रमी होय सोभी अक्षरसात्म्यताको ब्रह्मसायुज्यताको प्राप्तहोताहै

अत्राप्य नारायण गीतमाहु महर्षय स्तातमहा नुभावा महार्हं मत्यंततमः प्रयुक्तं तदुच्यमा

श्री॰
रा॰प॰
टी॰
२२१

ते हि मया निबोध १३

हे राजन् ऐसे इस गृहाश्रमविषे नारायण मुखका एक गीतको महानुभाव ऋषिकहतेहे कैसा सो गीतहे महाश्रेष्ठ अर्थकी निष्टावालाहे अत्यंततपोयुक्तहे जिसको मैं तेरे प्रतिकहताहूं उसको तमभी विचार गोचरकरो १३

सत्या र्जवे चा तिथिपूजने च धर्म स्तथार्थे श्वरति स्वदारैः निषेवितव्यानि सुखानि लोके ह्यस्मिन् परेचैव मतं ममैतत् १४ ॥

गृहस्थ धर्मविषे सत्यबोलना और अतिथिपूजना करणा धर्मकर्मकरणा स्वदारारतहोना और शास्त्रविचारके अनुकूल सुख इसलोकविषे सेवनकरणे तब इसलोकविषे परलोक विषे अखंड आनंद होताहे यह हमारा परमश्रेष्ठ मतहे १४

भरणं पुत्र दाराणां वेदानां धारणं तथा वसता माश्रम श्रेष्टं वदंति परमर्षयः १५

गृहस्थ धर्ममो पुत्रदारादिसंबंधिजनोका पोषणकरणा वेदोक्त कर्मोका व्रतधारण करणा ऐसे गृहवास करणेहारेको यह आश्रम परम उत्तमहे ऐसे महाऋषी कहतेहे १५

एवं हि यो ब्राह्मणो यज्ञशीलो गार्हस्थ्य मध्या वसति यथावत् गृहस्थ वृत्तिं प्रविशोध्य सम्यक् स्वर्गे विशुद्धं फलमाप्नुते सः १६

हे राजन् इसप्रकार जो ब्राह्मण यज्ञशीलहोय गृहस्थधर्मविषे यथाविधि गृहविषे वसे और गृहस्थ वृत्तिको पवित्र विधीकरके शुद्धकरलेवे सो ब्राह्मणस्वर्गविषे शुद्धफलको प्राप्तहोताहे १६

तस्य देह परित्यागा दिष्टाः कामाक्षया मताः आनंत्या योप तिष्टंति सर्वतो क्षिशिरो मुखाः १७

उसका देहत्याग जो होताहे अपने प्रारब्धभोगके अंतमो होताहे परलोकविषे अक्षयकामभोग प्राप्तहोतेहे अनंतफल होने जिसको सर्वदिशाविषे नेत्रशिर मुखहोतेहे अर्थ यह हे सभही कामना उसको किंकर जैसी वश्यहोतीहे जैसा जिसकालविषे संकल्पकरे सो तत्काल सिद्धक होताहे

ब्रह्मलोकसे भी कुईगती प्राप्त होतीहै १७

समं त्रेको जप त्रेकः सर्वास्त्रेको युधिष्ठिर
एकस्मिन्नेव चाचार्ये शुश्रूषु र्मल पंकवान् १८

अब ब्रह्मचारी कोभी कैवल्य मुक्तिकहतेहैं सर्वदेवतारूप गुरुसे
वा करणेद्वारा ब्रह्मचारी स्मरन् कालविषे एक निष्ठावान् हो
य जपकालविषेभी एकरूपहोय सर्वदेवताके सन्ध्याकालमें
भी एकनिष्ठावान होताहै अथवा एकआचार्यविषेही एक नि
ष्ठाहोकर शुश्रूषा करताहै ऐसी निष्ठावाला ब्रह्मचारी अप
ने शरीरको वस्त्रभूषणादि संस्कारनहीकरे मलपंकयुक्त
जैसाहोवे १८ ॥

ब्रह्मचारी व्रती नित्यं नित्यं दीक्षा परो वशी
परिचर्यो तथा वेदं कृत्यं कुर्वन्वसे त्सदा १९

नित्यही ब्रह्मचर्य व्रतवालाहोवे नित्यदीक्षा नियमसंयुक्तहो
वे गुरोकी परिचर्याको तथा वेद वेदांतके अभ्यासको ऐसा
कृत्यको करताहुआ इसप्रकार गुरुसमीपही सदावसे १९

शुश्रूषां सततं कुर्व न्गुरोः स प्रणमेत् च
षट् कर्मस्व निवृत्त श्च न प्रवृत्त श्च सर्वशः २०

गुरुशुश्रूषाको सदाकरताहै गुरोको सदा प्रणामकरे षट्
कर्म जोहैं यजन याजन दान प्रतिग्रह अध्ययन अध्यापन अ
थवा प्राणायाम प्रत्याहार ध्यान धारणा तर्क समाधि यह
षट् कर्महैं तिन्हो विषे सदा निवृत्त नहोवे सदा प्रवृत्तभी न
होवे गुरोकी आज्ञाकरके निवृत्तहोवे औरे गुरोकी आज्ञासे
प्रवृत्तभी होवे २०

न चरत्यधिकारेण सेवेत द्विषतेन च
एषाश्रमपदं स्तात ब्रह्मचारिण इष्यते २१
इति शांतौ राजधर्मे चतुराश्रमधर्मः ६१

निग्रह अनुग्रह अधिकार करके सो ब्रह्मचारी नहीं विचरता जो
गुरु द्वेषभी तोभी सदाही सेवाकरे इसप्रकार कर्मबंधसे शु
द्ध होताहै हे राजन् ऐसा ब्रह्मचारीका आश्रमसोक्षमार्गवा
सते चाहीताहै २१ इति श्री महाभारते शांतिपर्वणि रा
जधर्मे चतुराश्रमधर्म एकषष्ठितमोध्यायः ॥ ६१ ॥

युधिष्ठिर उ॰ शिवा न्सुखा न्महोदर्का न हिंस्रां लोकसंमतान् ब्रूहि धर्मा न्सुखो पाया न्मद्विधानां सुखावहान् १ ॥ युधिष्ठिर उवाच हे पितामहजी मोको अब ऐसे धर्म कहो आरंभ कालविषे कल्याणरूप होवे और कर्तव्य कालविषे सुखकारी होवे और परिणाम कालमो अत्यंत सुखकारी होवे और हिंसारहित होवे और लोकविषे निंदाविना संमत होवे और मेरे जैसे अधिकारीको सुखोपाय होवे १

भीष्म उवाच ब्राह्मणस्य तु चत्वार स्त्वाश्रमा विहिता प्रभो वर्णा स्तान नुवर्तंते त्रयो भरत सत्तम २

भीष्म उवाच हे प्रभो ब्राह्मणको चारो आश्रम कहे है और तीन जो वर्ण है क्षत्रियादिक सो ब्राह्मण अनुसार आश्रम धर्मो विषे प्रवृत्त होते है जो धर्म ब्राह्मणोने किये है अथवा करे है जो धर्म है उन्हके अनुसार तीनवर्ण धर्मोविषे प्रवृत्त होते है ब्राह्मण गृहस्थभी होए उसको हिंसा प्रधान यज्ञादि दंडनीत्यादि धर्म कामचार है विधिप्रोक्त नही है २

उक्तानि कर्माणि बहूनि राजन् स्वर्ग्याणि राजन्य परायणानि इमानि दृष्टांत विधौ स्मृतानि क्षात्रे हि सर्वं विहितं यथावत् ३

हे राजन् गृहस्थके धर्मकर्म यज्ञादिक बहोत स्वर्गकामना वाले करे है सो धर्म कर्म क्षत्रिय परायण है यह यज्ञादिक धर्म कर्म गृहस्थमात्रके दृष्टांतरूप नही है क्षत्रधर्मविषे हि संपूर्ण गृहस्थधर्म बना है ३

क्षात्राणि वैश्यानि च सेवमानः शौद्राणि कर्माणि च ब्राह्मणः सन् अस्मिंल्लोके निंदितो मंदचेताः परे च लोके निरयं प्रयाति ४

जोनसा ब्रह्मकर्मका अधिकारी गृहस्थ ब्राह्मण गृहस्थधर्म मात्र जानकर्के क्षत्री गृहस्थके वैश्य गृहस्थके शूद्रगृहस्थके धर्म कर्मको करता है सो कामादि रागवासनाकर्के मूढचित्त है इसलोकविषे निंदाको प्राप्त होता है परलोकविषे नरकको जाता है ४

या संज्ञा विहिता लोके दासे शुनि वृके पशौ
विकर्मणि स्थिते विप्रे सैव संज्ञा च पांडव ५

हे भारत जोनसी नाम संज्ञा इसलोकविषे शूद्रकी किरातभी लोकी और पशुमृगोंकी प्रसिद्ध होतीहे सो नामसंज्ञा विपरीत कर्मनिष्ठावाले ब्राह्मणकी होतीहे अर्थात सो ब्राह्मण शूद्र चंडाल पशुमृग समान होताहे ५

षट्कर्म संप्रवृत्तस्य आश्रमेषु चतुर्ष्वपि
सर्वधर्मोपपन्नस्य संवृत्तस्य कृतात्मनः ६

हे राजन् जो ब्राह्मण योगमार्गके षट्कर्म जोहे प्राणायाम प्रत्याहार ध्यान धारणा तर्क समाधि इन्होंविषे प्रवृत्त भयाहे और यज्ञादिक जो षट्कर्म हे सो ब्रह्मचर्यादि आश्रमांतरोंविषे प्रवृत्तहे सो भी गृहस्थ ब्राह्मणको कहेहें प्राणायामादि षट्कर्म संपूर्ण आश्रमोके बनेहे ताते चारोआश्रमोके सर्वधर्म संपन्न होवे और अहिंसा धर्म संयुक्त होवे स्थिरवृत्ति होवे कृतात्मा होवे जितहोवे ६

ब्राह्मणस्य विशुद्धस्य तपस्यभिरतस्य च
निराशिषो वदान्यस्य लोका ह्यक्षर संमिताः ७

ऐसा शुद्ध आचारणवाला होवे तपस्यारत होवे और भोगवांछा रहित होवे और नित्यदान रत होवे ऐसे ब्राह्मण गृहस्थको अक्षयलोक होतेहे ७ ॥

यो यस्मिन्कुरुते कर्म यादृशं येन यत्र च
तादृशं तादृशेनैव स गुणं प्रतिपद्यते ८

हे राजन् ब्राह्मण गृहस्थको ऐसी निंदा वृत्तिकाहेतु आपसनाजो पुरुष जैसी जैसी देशकालकी अवस्थाविषे जैसे फलकी वांछा करके जोजो शुभ अशुभ कर्म करताहे उसको सोई कर्म शुभ दृष्ट होताहे आप जब विचार जानतेहे यह कर्म मोको निंदहे तब विपरीत कर्मसे निवृत्त होताहे ८

वृद्ध्या कृषि वणिक्त्वेन जीवसंजीवनेन च
वेत्तुमर्हसि राजेंद्र स्वाध्याय गणितं महत् ९

व्याज वृद्धिका जीवन करके वाणिज्यकरके कृषिकरके जीवहिंसा के जीविनकरके जीविका चाहताहे उसजीविका कर्मको अपने

विचारमो वेदाभ्यास जैसे उत्तम मानताहै ९

कालसंचोदितः कालः कालपर्याय निश्चितः
उत्तमाधम मध्यानि कर्माणि कुरुते वशः ९

यह पुरुषभावी कालकर्के प्रेरितहोताहै भावीकार्यके काल कर्के कर्मकरणे निश्चयवान होताहै उत्तम अधम मध्यम कर्मको भावीकार्य कालके वशहोकर्के उत्तमाधम मध्यम कर्मको करताहै कालवश होकर्के निंद्यकर्मको करताहै ९

अंतवंति प्रधानानि पुराश्रेयस्कराणि च
स्वकर्म निरतो लोको ह्यक्षरः सर्वतो मुखः ११

इति श्रीशां॰ राजधर्मेषु द्विषष्टितमोध्यायः ६२

हे राजन् भाविकालमो फलकरणेहारे प्राचीन पुण्य अपुण्य देह आरंभक कर्महै सोजब अंतकालवाले होतेहै तब देहकाभी अंतहोताहै देहसंबंधिजो सुख दुःखहै सो सभको अनिवार्य्यहै उस बिना शुभाशुभ प्रवृत्तिमो समर्थनही होता उसीकर्के यह पुरुष अपने इच्छाके अभीष्ट कर्मको प्रवृत्तहोताहै उसीसे सर्वतोमुखहोताहै प्रवृत्ति निवृत्तिमो स्वतंत्र प्रवृत्तहोताहै विधि निषेध शास्त्रको नहीमानता ९

इतिश्री राजधर्मे द्विषष्टितमोध्यायः ॥ ६२ ॥

भीष्मउवाच ज्याकर्षणं शत्रु निवर्हणं च कृषि र्वणिज्या पशुपालनं च शुश्रूषणं चापि तथार्थ हेतो रकार्य मेतत्परमं द्विजस्य १ ॥

भीष्मउवाच हे राजन् गृहस्थ ब्राह्मणको यहे अकर्म अकार्य है सो क्या है सनुष्यकी ज्याका आकर्षण और शत्रुमारणऔर कृषीकर्म और वाणिज्य और पशुरक्षा और द्रव्यप्राप्ति निमित्त सेवाकरण यह ब्राह्मण गृहस्थको परम अकार्यहै और क्षत्रियादि त्रिवर्णको अवश्यकार्यहै १

सेव्यं तु ब्रह्मषट्कर्म गृहस्थेन मनीषिणा
कृत कृत्यस्य चारण्ये वासो विप्रस्य शस्यते २

ब्राह्मण गृहस्थको प्राणायामादि षट्कर्म अथवा यज्ञादिषट्कर्म प्रवृत्ति निवृत्ति परहोकर सेवनीयहै ऐसे ब्राह्मण गृहस्थको कुटुंबादि पालनेमे कृत कृत्य भयाहै उसको वानप्रस्थहोक

रण अरण्यवासकरणा अभक्षकहाहे २

राज्य प्रेष्यं कृषि धनं जीवनं च वणिकाथा
कौटिल्यं च कौटिलेयं कुसीदं च विवर्जयेत् ३

राजसेवाका धन कृषीकर्मका धन जीवन और द्रव्यके ऋणदान प्रयोगकर्के वृद्धि जीवन और वाणिज्यमार्ग और कुलटास्त्री प्रसंगवाला परदारा प्रसंग कर्मकर्के जारधर्म कुटिलवृत्ति कौटिलेया मात्सर्या और धनप्रयोगका वृद्धिकर्म अवश्य त्याग करणे योग्यहे ३ ॥

शूद्रो राजन् भवति ब्रह्मबंधु दुश्चारित्रो यश्च धर्मा
दपेतः वृषली पतिः पिशुनो नर्तनश्च ग्रामप्रे
ष्यो यश्च भवेद्विकर्मा ४

जो ब्रह्मबंधु ब्राह्मण गृहस्थहे सो ऐसे कर्मकरणे कर्के शूद्र होताहे जिसका ऐसा दुश्चरित्रहे सो अपने धर्मसे चलित भयाहे जौनसा शूद्रवृत्तिका उपजीवीहे परदोषवक्ताहे नृत्यादि वृत्तिसे जीवताहे और ग्रामवासी जनोंका सेवक हे सो ब्रह्मवृत्तिके विरोधी कर्मवालाहे ४

जपं वेदान जपंश्चैव राजन् समः शूद्रैर्दासवच्चापि
भोज्यः एते सर्वे शूद्रसमा भवंति सर्वानेता
न्वर्जये देवकृत्ये ॥५॥

हे राजन् सो विप्र वेदभी पढे तोभी शूद्रोंके साथ पंक्तिमो शूद्रके समान भोजनीयहे ऐसी वृत्तिवाले ब्राह्मण शूद्रसमानहोतेहे इन्हको देवकृत्य मो वर्जदेवे ५

निर्मयादे यो शुचो क्रूरवृत्तो हिंसात्मके त्यक्तधर्म
स्ववृत्ते हव्यं कव्यं यानि चान्यानि राजन् न्देयान्यदेया
नि भवंति चास्मे ६ जो ब्राह्मण अपने ब्रह्मकर्म मर्यादसे रहितहे अशुद्ध आचारवालाहे क्रूरवृत्तिहे हिंसाकर्मपरायणहे अपने धर्मकी स्ववृत्ति जिसने त्यागकीनीहे उसविषे हव्यकव्य देव पितृकार्य और देवकर्मके योग्य अन्नदानादिकजोहे सो अदेय होतेहे ६

दमः शौच मार्जवं चा
न्तस्या धर्मो विहितो ब्राह्मणस्य

पि राजन् तथा विप्रस्याश्रमाः सर्व एव ग्रहा राजन्ब्र
ह्मणा वै विसृष्टाः ॥ ७ ॥
ताते हे राजन् ब्राह्मणका यही मुख्यधर्म है दम शौच आर्जव
प्रधान धर्म है तैसे ही ब्राह्मणको चार आश्रम सभही कहे हैं
ब्रह्माजीने प्रथमही रचे हैं ७

यः स्याद्दान्तः सोमप आर्यशीलः सानुक्रोशः सर्व
सहो निराशीः ऋजुर्मृदुरनृशंसः क्षमावान्सवै
विप्रो नेतरः पापकर्मा ८ जौनसा ब्राह्मण दांतहोवे
दमशीलहोवे सोमयाग करणे करावणे वाराहोवे और ऋजुशी
लहोवे भूतदयावालाहोवे सर्वप्रकारसे क्रोध लोभादि सहार
णेहारा होवे याचनादि आशारहितहोवे ऋजुहोवे कपटकुटि
लता रहितहोवे आचार विचारकरके मृदुभाषीहोवे और परद्रो
ह निंदा रहितहोवे और सदा क्षमा शीलहोवे सो विप्र है इतर
पापकर्मा विप्रनहीं है ८ ॥

शूद्रं वैश्यं राजपुत्रं च राजन् लोकाः सर्वे संश्रिताः ध
र्मकामाः तस्माद्वर्णान्शांतिधर्मेष्वसक्तान्मत्वा
विष्णुर्नेच्छति पांडुपुत्र ९
हे राजन् धर्मकर्म जोनसे कामवासनावाले हैं शूद्रको वैश्यको
राजपुत्रको यज्ञादि साध्य स्वर्गलोक इन्द्र तीनो वर्णोंको आश्रि
त है ताते ब्राह्मण वर्णजो है तिन्हको विष्णुभगवान शांतिध
र्मयुक्तको आत्मरूपजानते हैं और जो कामभोगकी वासनाक
री मदमत्त जो है तिन्हको आत्मरूप जैसे नहीं मानते ९

लोके वेदे सर्वलोकस्य न स्याच्चातुर्वर्ण्यं वेदवादाश्च
नस्युः सर्वाश्चेज्याः सर्वलोकक्रियाश्च सद्यः सर्वे
चाश्रमस्था नवै स्युः १० जो विष्णुभगवान ब्राह्मणादि
वर्णोंको स्वधर्म निष्ठावालेको नहीं चाहे तो सर्वलोकको चा
रवर्ण मर्यादा न होवे वेदवादके ज्ञानभी न होवे संपूर्ण य
ज्ञयागादि वेदोक्तमार्गभी न होवे और भी लोकधर्मकी कर्म
कांड क्रियाभी न होवे और सभही आश्रमधर्म निष्फलहोवे

यश्च त्रयाणां वर्णानामिच्छेदाश्रमसेवनम
चातुराश्रम्यदृष्टांश्च धर्मांस्तान्शृणु पांडव ॥

हे राजन् पांडव यो राजा ब्राह्मण वैश्य शूद्रोको अपने राज्य आश्रम धर्मका सेवनचाहे उसको चार आश्रमोके धर्मज्ञान चहे इस हेतुसे आश्रमोके धर्मको तुम श्रवणकरो ११

शुश्रूषा कृतकार्यस्य कृत संतान कर्मणः
अभ्यनुज्ञात राज्यस्य शूद्रस्य जगती पते १२

प्रथम शूद्रके आश्रम धर्म कहतेहे जिस शूद्रने तीनवर्णो की शुश्रूषाकीतीही सो वेद वेदांतके अध्ययनका अधिकारी नहीहे पुराणादि द्वारसे आत्मज्ञानके श्रवणकिया चाहता हे जब लग शरीर विद्यमानहे तबलग त्रिवर्ण सेवा जिस ने कीनीहे पुत्र संतान वृद्धिसे कृतकृत्य भयाहे राजाकी आज्ञाको प्राप्तभयाहे १२

अल्पांतरगतस्यापि दशधर्मगतस्य वा
आश्रमा विहिताः सर्वे वर्जयित्वा निराशिषं १३

अपनी आचार निष्ठासे त्रिवर्णोके समान आत्मज्ञानश्रवणका अधिकारी भयाहे और मत्त प्रमत्त उन्मत्त श्रांत क्रुद्ध बुभुक्षित त्वरमाण भीरु कामी लुब्ध इस प्रकारके दशधर्म रहितहे ऐसे शूद्रको सबही आश्रमकहेहे सो भी दंड ग्रहणादि संन्यास विनाकहेहे १३

भैक्ष्यचर्या ततः प्राहुः स्तस्य तद्धर्मचारिणः
तथा वैश्यस्य राजेंद्र राजपुत्रस्य चैव हि १४

ऐसे मोक्षमार्गकी प्रवृत्तिवाला शूद्रको केवल भिक्षाटनमात्र ब्रह्मचर्य निष्ठाकहीहै जैसे वैश्यको और राजपुत्रको वानप्रस्थ आश्रमकहाहे जैसे शूद्रकोभी कहाहे सो य तिधर्म विना कहाहे सो भी अपनी शूद्रजातिका गो पनकर्के शिष्य संप्रदाय वृद्धिको नहीकरे १४

कृतकृत्यो वयोतीतो राज्ञः कृतपरिश्रमः
वैश्यो गच्छेदनुज्ञातो नृपेणाश्रम संश्रयम्

अब वैश्यको भी आश्रम चारोके धर्म चर्या कहतेहे वैश्य जोहे सो भी अपने वैश्यवृत्तिकर्के पुत्रसंतानादि पोषणसे कृतकृत्यभयाहे राजसेवामे परिश्रम कियाहे सो राजासे आज्ञा लेकर मोक्षमार्गके निपुण आश्रम धर्मको ग्रहणकरे १५

श्री॰
रा॰ध॰
टी॰
२२५

225

वेदानधीत्य धर्मेण राजशास्त्राणि चाऽनघ
संतानादीनि कर्माणि कृत्वा सोमं निषेव्य च १६

हे राजन् अब तत्वीको मोक्ष मार्गके धर्म कहतेहैं वेदोंको धर्मशास्त्र विधीकर्के अध्ययनकर्के राजधर्मके शास्त्रोंकोभी पढकर्के और जो संतान यागादिकर्म तिन्हकोभी कर्के सोमयागादिको विषे सोमपानकर्के १६

पालयित्वा प्रजाः सर्वा धर्मेण वदतां वर
राजसूयाश्वमेधादीन्मखानन्यांस्तथैव च १७

हे वदतांवर दानदाताजनोविषे श्रेष्ठप्रजाको धर्मसे पालनकर्के राजसूय अश्वमेधादि और यज्ञोंकोभी करलेवे १७

आनयित्वा यथापाठं विप्रेभ्यो दत्तदक्षिणः
संग्रामे विजयं प्राप्य तथाल्पं यदि वा बहु १८

और यथापाठ विधिसे ब्राह्मणोंको वेदाध्ययन कराकर्के यज्ञयागादिकोविषे ब्राह्मणोंको दक्षिणादेवे और संग्रामविषे विजयको पाइकर अल्प अथवा वहोत कोशावजानेको संग्रहभी दंडकरसे करलेवे १८ ॥

स्थापयित्वा प्रजापालं पुत्रं राज्ये च पांडव
अन्यगोत्रं प्रशस्तं च क्षत्रियं क्षत्रियर्षभ १९

हे पांडव अपने राज्यविषे प्रजापालनेको अपने पुत्रको अपने गोत्रके और अधिकारीको अभिषेक विधिकर्के स्थापनकर्के १९ ॥

अर्चयित्वा पितॄन्सम्यक्पितृयज्ञैर्यथाविधि
देवान्यज्ञैरृषीन्वेदैरर्चयित्वाऽथ यत्नतः २०

पितृयज्ञोंकी विधिकर्के पितरोंकी अर्चनकर्के देवतागणके देवयज्ञोंकर्के तृप्तकरे और वेदाध्ययन विधीकर्के ब्राह्मणोंकोभी तृप्तकरे २० ॥

अंतकाले च संप्राप्ते य इच्छेदाश्रमांतरम्
सोऽनुपूर्व्याश्रमान्राजन्गत्वा सिद्धिमाप्नुयात् २१

जब अंतकाल प्राप्तहोवे तब जो अपने हितको वांछाकरे तोक्रमकर्के आश्रमांतरको ग्रहणकरे तब सिद्धीको प्राप्तहोताहै २१ ॥ ॥

राजर्षित्वेन राजेंद्र भैक्ष्यचर्यान सेवया
अपेत गृहधर्मोपि चरेजीवित काम्यया २२
हे राजेंद्र राजऋषी होके मार्गकर्के शास्त्रश्रवणकर्के भिक्षाचर्या कर्के सेवाकर्के भिक्षाचर्यानकरे शास्त्रश्रवण भिक्षाचर्यानकरे २२
नचैत नैष्ठिकं धर्मं त्यागाणां भूरिदक्षिण
चतुर्णां राजशार्दूल प्राहुराश्रम वासिनो २३
हे भूरिदक्षिण देनेहारे युधिष्ठिर संन्यास निष्ठावाला सर्वकर्मत्यागरूप यतिव्रत राजादि तीन वर्णोंको नहीहै चित्तविक्षेपकारी कामना फलवाले कर्मोंका त्यागकरणा कहाहै सो तो चारो आश्रमोविषे उचितहै २३
वाह्वायत्तं क्षत्रिये मानवानां लोकश्रेष्ठं धर्ममासेवमानैः सर्वे धर्माः सोपधर्मा स्त्रयाणां राज्ञो धर्मा दितिवेदान् शृणोमि २४ हे राजशार्दूल क्षत्रीलोक जोहै सो अपने भुजावलके अधीन होर मानुषोंके विषे श्रेष्ठ अपने धर्मकोसेवनकरतीहै ऐसे राजधर्मविषे सभही वर्णधर्म होर उपजोहै आश्रमधर्म सो सभही राजधर्मसे प्रसिद्धहोतेहै २४
यथाराजन् हस्तिपदे पदानि संलीयंते सर्वसत्त्वानि एवं धर्मा राजधर्मेषु सर्वा स्सर्वावस्थाः संप्रलीना निवोध २५ हे राजन् जैसे हस्ती पादमो संपूर्ण जीवोंके पाद सभही लीन होजातीहै ऐसेही सर्वधर्मोंको राजधर्मोविषे लीनभयेको तमजानलेवो २५
अल्पाश्रया नल्पफला न्वदंति धर्मानन्या न्धर्मविदो मनुष्याः महाश्रयं बहुकल्याणरूपं क्षात्रं धर्मं नेतरं प्राहुरार्याः २६ जोनसे धर्मवेत्ता जानहै सो होर धर्मोको स्वल्पश्रमकर्के साध्य होर स्वल्पवालेको कहतेहै जिसका सर्वधर्मोंको महाआश्रयहै होर वहोतकल्याणरूप जिसका फलहै ऐसे राजधर्मोकोही आचार्यलोक कहतेहै होर धर्मको इसप्रकार श्रेष्ठनही मानते २६
सर्वे धर्मा राजधर्म प्रधानाः सर्वे वर्णाः पाल्यमाना भवंति सर्वे त्यागा राजमूला स्तथाहु स्त्यागं धर्मं चाहुरग्र्यं पुराणम् २७

धर्मः

हे राजन् सभही धर्म राजधर्मकी प्रधानता वालेही जिसक
कें सभही वर्णधर्म पाल्यमानहे और सभही त्यागधर्म राज
धर्म मोही हे ताते सर्वधर्मों विषे राजधर्मही पुरातन श्रेष्ट
बनाहे २७

सज्जेत्रयी दंडनीतौ हतायां सर्वेधर्माः प्रक्षयेयुर्विबु
द्धाः सर्वेधर्माः श्राश्रमाणां हताः स्युः क्षात्रे त्यक्ते राज
धर्मे पुराणे २८ जो राजधर्मकी दंडनीति हत होजावे वे
दत्रयी जोहे सो अपने धर्मसंयुक्त अधर्म समुद्रमो डूबजावे
और जेते वर्णधर्म प्रसिद्धहे सो सभकी क्षयको प्राप्तहोजावे और
सभही आश्रमोके धर्मकी हतहोजावे जो क्षत्रियोका पुरातन
राजधर्म नष्टहोवेतो २८

सर्वे त्यागा राजधर्मेषु दृष्टाः सर्वे दीक्षा राजधर्मेषु चो
क्ताः सर्वाविद्या राजधर्मे प्रविष्टाः सर्वे लोका राजध
र्मे प्रदिष्टाः २९ ॥ सभही त्याग हमने राजधर्ममो देखेहे
और सभही यज्ञव्रतादिदीक्षा राजधर्म विषे कहीहे और सभही
वियाभेद राजधर्मविषे युक्तहे और सभही लोकमर्यादाके ध
र्म राजधर्मविषेही प्रतिष्ठितभयेहे २९

यथा जीवाः प्राकृतै र्वध्यमाना धर्मश्रुतानामुपपी
डनाय एवं धर्मा राजधर्मै र्वियुक्ताः संचिन्वंतो ना
द्रियंते स्वधर्मं ३० इति राजधर्मे त्रिषष्टितमोध्यायः

हे राजन् जैसे मृगादिक जीवजोहे नीचलोकोंकरके मारेजाते
हे हिंसाकरणेहारेके धर्मकर्मशास्त्रश्रवणादिकजोहे तिन्ह
के नाशकारी होतेहे इसी प्रकार राजधर्मजोहे दंडनीति आ
दिक उसके विनाशकरके जो स्वर्गादिक धर्मजोहे अग्निहोत्रादिक
सो भी धर्म कर्मके कर्तालोक जोहे तिन्हको ढूंडतेहे उन्हके
कर्ताजोहे धर्मकर्म करणेको स्वस्थ नही होते उन्हके धर्म
कर्मके शुभ फल उन्हको नही प्राप्तहोते ताते संपूर्ण धर्म
कर्मोका मूल राजधर्मही हे सोई श्रेष्ठधर्महे ३०

इति श्री महाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां शां
तिपर्वणि राजधर्मे त्रिषष्टितमोध्यायः ॥ ६३ ॥

भीष्मउवाच चत्वराश्रम धर्माश्च यति धर्माश्च पांडव
लोके वेदोत्तराश्चैव क्षात्रधर्मे समाहिताः १

भीष्मउवाच हे पांडव चारोआश्रमोके धर्मजोहे और यति धर्म जोहे लोकप्रसिद्ध और लोकप्रसिद्ध और वेदोक्त सो सभही क्षत्रधर्ममो स्थितहै १॥

सर्वाण्येतानि कर्माणि क्षात्रे भरत सत्तम
निराशिषां जीवलोकाः क्षत्रधर्मव्यवस्थिते २

ताते हे भरतश्रेष्ट जेते यहधर्म करमहे सो सभही क्षात्रधर्ममोहे और जेते निर्वासन जीवलोकके जीवनमुक्तोके धर्महै सोभी क्षत्रधर्मकी व्यवस्थामो होतेहै २

अप्रत्यक्षं बहुद्वारं धर्ममाश्रमवासिनाम्
प्रकोपयंति तद्भाव मागमै रेव शाश्वतम् ३

और आश्रमवासीयोंका जो धर्महे सो बहुद्वारहै उसमो जेते इंद्रियद्वारहै सो सभही उसधर्मको क्षोभकरतेहे उन्हकाफल अप्रत्यक्षहे उन्हके विरोधी अनेकशास्त्रमत बनेहे तिन्होकर्के और तीन आश्रमोके धर्मसाथ विरोध सदावनाहे ३

अपरे वचनैः पुण्यैः वादिनो लोक निश्चयम्
अनिश्च यज्ञा धर्माणा मदृष्टांते परेहताः ४

जिसका दृष्टांत प्रत्यक्ष दृष्टनहीहोता ऐसे परमअव्यक्तधर्मविषे जिन्हके बुद्धिहत होतीहे ऐसे नष्टबुद्धि जो बुद्धिवादीजनहै अपनेकथताके पुण्यवचनोंकर्के धर्मनिश्चयको नहीजानते सो अव्यक्त धर्मके निश्चयको विगाडदेतेहे ४

प्रत्यक्षं सुखं भूयिष्ट मात्म साक्षिक मछलम्
सर्वलोकहितं धर्मं क्षत्रियेषु प्रतिष्टितम् ५

और यह जो क्षत्रियधर्महे सो प्रत्यक्ष फलको सिद्धकरताहे प्रत्यक्ष हर्षमानसहाय साधन सामग्रीकर्के सुखरूपहे इसमो अहंपना आत्माभी प्रत्यक्षसाधनसाक्षीहे और इसमो छलकपटकी प्रधानता नहीहे और धर्ममर्यादाकी पालनासे सर्वलोकहितहै ताते सभही धर्म क्षत्रधर्मोविषे प्रतिष्ठितभयाहै ५

धर्माश्रमे व्यावसिनां ब्राह्मणानां युधिष्टिर

यथा त्रयाणां वर्णानां संख्यातोपश्रुतिः पुरा ८

जैसे स्वधर्मप्रधान गृहस्थाश्रमविषे तीनोवर्णोके धर्मोका अं तर्भावबनाहै तैसे वनवास व्रतादि निष्ठावाले वानप्रस्थयति ब्रह्मचारि ब्राह्मणोके धर्मोका अंतर्भाव लोकधर्मोके साथ अंतर्भाव बनाहै ८

राजधर्मेष्वंतर्भावा लोकाः स्वचरितैः सह
उदाहृतं ते राजेंद्र यथाविष्णुं महौजसम् ७

राजधर्मविषे सभही लोक अपने धर्मचारोकर्के सहित स्थि रभयेहै हे राजेंद्र यह निश्चय हमने तोको पूर्वलेकथा प्रस ंगमो विरजाके प्रादुर्भावमो कहाहै जिसप्रकार महाप्रभाव युक्तजो विष्णुभगवानजी तिन्हका धर्मसिद्धांत श्रवणोको सभ ही देवताऋषी राजालोक उपासना करतेभये ७

सर्वभूतेश्वरं देवं प्रभुं नारायणं पुरा
जग्मुः सुबहुशः शूरा राजानो दंडनीतये ८

कैसेहै विष्णुभगवानजी सर्वभूतोके ईश्वरहै सर्वजगतके प्र भुहै ऐसे नारायणदेवको बहोत शूरमा राजालोक दंड नीतिकी जिज्ञासावास्ते जातेभये ८

एकैकमात्मनः कर्म तुलयित्वाश्रमं पुरा
राजानः पर्युपासंते दृष्टांतवचने स्थिताः ९

एकैक आश्रमके धर्मको राजधर्मके साथ प्रथम तुलता कर तेभये दृष्टांतवचनोके निश्चयमो स्थितहोकर राजालोक राज धर्मको उपासन करतेहै ९

साध्या देवा वसवश्चाश्विनौ च रुद्राश्च विश्वे मरुतां ग णाश्च सृष्टाः पुरा आदिदेवेन देवाः क्षात्रधर्मे वर्तयंते च सिद्धाः १०

हे राजन साध्यदेवता वसुदेवता अश्विनी कु मार और एकादशरुद्र इन्हाविश्वेदेव और मरुतोंके गण यह स भही देवता आदिदेव भगवान प्रजापतीने जेते यह देवता प्रथम सृष्टिकालमो सृजेहै सो सभही क्षत्रधर्ममो वर्तमानभ ये तब अपने अपने अधिकारमों प्रसिद्धभयेहै १०

अत्रते कथयिष्यामि धर्ममर्थविनिश्चयम्

निर्मर्यादे वर्तमाने दानवै कार्णवे पुरा ॥ ११

हे राजन् अब तुमको अर्थ सिद्धि निश्चयके धर्मरहस्यकोकह तेहैं पूर्व एक समयमों जब जगत निर्मर्याद धर्मके एक समुद्रमों प्रवृत्तभया ११

बभूव राजा राजेंद्र मांधाता नामवीर्यवान्

पुरा वसुमती पालो यज्ञं चक्रे दिदृक्षया १२

तब हे राजेंद्र मांधाता नामकर्के प्रसिद्ध महावीर्यवान राजा होताभया सो राजा प्रथम समयमों विष्णुभगवानजीकी ध्यानवांछाकर्के यज्ञको करताभया १२

अनादि मध्य निधनं देवं नारायणं प्रभुम्

सराजा राजशार्दूल मांधाता परमेश्वरम् १३

विष्णुभगवान अनादि निधनहे आदि देवहै साक्षात नारायण प्रभुजी परमेश्वरको दर्शनकरणेकी वांछाकरता भया १३

जग्राह शिरसा पादौ यज्ञे विष्णो र्महात्मनः

दर्शयामास तं विष्णू रूपमास्थाय वासवं १४

तब सो राजा मांधाता यज्ञविषे विष्णुभगवानजीके चरणेको ध्यानकर्के शिरकर्के ग्रहणकरताभया भगवानजी उस महात्माराजाको इंद्रके स्वरूपको धारकर्के राजाको दर्शन प्रत्यक्षदेतेभये १४

स पार्थिवै र्वृतः सद्भि रर्चयामास तं प्रभुं

तस्य पार्थिव सिंहस्य तस्य चैव महात्मनः १५

सो राजा मांधाता यज्ञशालामो जेते उत्तम राजालोकहै तिन्हकर्के संयुक्त इंद्ररूपी भगवानजीको विधिकर्के पूजनकरताभया तब उस महात्मा राजाके साथ महातेजके प्रभाव संयुक्त विष्णुभगवानजीके दर्शनवांछा निमित्त इंद्ररूप विष्णुकासंवाद होताभया १५

संवादोयं महानासी द्विष्णुंप्रति महाद्युते

इंद्रउवाच किमिष्यते धर्मभृतां वरिष्ठ यद्द्रष्टुकामोसितमप्रमेयं अनंतमाया मितमंत्रवीर्यं नारायणं ह्यादिदेवं पुराणम् ॥ १६ ॥

इंद्रउवाच हे धर्मधारी राजा लोकोंविषे श्रेष्ठ मांधाता हे राजन् तू अमित अप्रमेयरूप विष्णुको क्यों देष्याचाहताहै विष्णुतो अनंतमायावानहै अमित मंत्रवीर्यसंयुक्तहै सो नारायण आदि देवहै ॥ १६ ॥

नासौ देवो विश्वरूपो मयापि शक्यो द्रष्टुं ब्रह्मणा वापि साक्षात् येऽन्ये कामा स्तव राजन् हृदिस्था दास्ये चैतां स्त्वं हि मर्त्येषु राजा १७

सो विश्वरूप नारायण देव मेंनेभी दर्शन करणेको शक्यनही है ब्रह्मानेभी दर्शन करणेको अशक्यहै तू क्यों साक्षात् दर्शनकिया चाहताहै जो तेरे हृदयमो ओर कामना स्थित है इन्हको मैंहीदाताहै तू मनुष्यलोकोंविषे आपराजाहै तो को ओर क्या कामना बाकीहै जिसवास्ते तू विष्णुको साक्षात् दर्शन किया चाहताहै १७

समेस्थितो धर्मपरो जितेंद्रियः शूरो दृढं प्रीतिरतः सुराणां बुद्ध्या भक्त्या चोत्तमः श्रद्धयाच ततस्तेऽहं दद्मिवरा न्यथेष्टम् १८

हे राजन् ऐसा तू राजाहै धर्मपरायणहै जितेंद्रियहै ओर महासूरमाहै ओर देवतागणोकी प्रीतिमो रतहै उत्तम बुद्धी करके संयुक्तहै ओर श्रद्धाकरके संयुक्तहै ताते जो तेरे मनमो कामनाहै सो मेरेसेवांछाकर मे तेरेको यथेष्टवरोंको देताहूं १८

मांधाताउवाच असंशयं भगवा न्नादिदेवं द्रक्ष्यामि त्वां शिरसा संप्रसाद्य त्यक्ता कामा न्धर्मकामो ह्यरण्य मिच्छेगंतुं सत्पथं लोक दृष्टं १९ मांधातोवाच हे भगवन् मे तो साक्षात् आदिदेव नारायण तोकोही जानकर शिर करके प्रणामकर्के ओर प्रसन्नकरके संपूर्ण कामनात्यागकर्के धर्मतत्वको ज्ञानवास्ते अरण्यको यात्राकरे चाहताहुं ओन सो संतजनोका मार्गलोकमों देखाहै १९

क्षात्राधर्मा विपुला दप्रमेया लोकाः प्राप्ताः स्थापितं संयशश्च धर्मोयोसा वादिदेवा त्प्रवृत्तो लोकश्रेष्ठं तं नजानामि कर्तुम् २०

यह क्षत्रियोंका धर्म अप्रमेयहै इससे मोकों अप्रमेय लो
कप्राप्त भये है इसीकर्के मेने यशूभी लोकविषे स्थापनकिया
है इस क्षत्रधर्मसे जोनसा औेर जो धर्म आदिदेव भगवानसे
प्रवृत्तभयाहै ऐसे लोकविषे श्रेष्टधर्मको मेनहीकरजान
ता तिसधर्मकर्के धर्मभगवानमेरेविषे प्रसन्नहोवे २०
इंद्रउवाच असैनिका धर्म परास्त्रधर्मे परांगतिं नव्र
जंतेहियुक्ते क्षात्रो धर्मो ह्यादिदेवात्प्रवृत्तः पश्चा
दन्ये शेषभूताश्च धर्माः २१ इंद्रउवाच हेराजन् राजध
र्मसे इतरजो धर्महे राजधर्मके सहायविना परमगतिको पुरु
षको नहीप्राप्तकरसकते राजालोक जोहे सो विधिसंयुक्त नि
जधर्मके प्रयोगकर्के आपही परमगतिको जातेहे ताते यह
राजधर्महीं प्रथम आदिदेवभगवानसे प्रवृत्तभयोहे पश्चात्
औेर धर्म प्रवृत्तभयेहे सो राजधर्मके अंगभूतहे २१
शक्याः स्रष्टा ह्यंतवंतो ह्यनंताः सुप्रस्थानाः क्षात्रध
र्मा विशिष्टाः अस्मिन्धर्मे सर्वधर्माः प्रविष्टास्तस्मा
द्धर्मं श्रेष्टमिमं वदंति २२
औेर धर्मजो स्रष्टकियेहे सो संन्यासधर्म संयुक्त सभही विप्रप्र
संगसे अंतवंतफलवालेहे क्षात्रधर्मसे सभही अवशिष्टहे
असारहे इसधर्मविषे सभही अंतर्भूतहे ताते इसी क्षात्रध
र्मको सर्वधर्मोविषे श्रेष्टकहतेहे २२
कर्मणा वै पुरा देवा ऋषयश्चामितौजसः
त्राताः सर्वे प्रसह्यारीन् क्षत्रधर्मेण विष्णुना २३
हे राजन् विष्णुभगवानजीने रणक्रियाकर्के अतिबलजो
शत्रुगण असुर उन्हको जीतकर सभही देवता ऋषिगण
अपने बलसे प्रथमरक्षितकियेहे २३
यदिह्यसौ भगवान्नाहनिष्यद्रिपून् सर्वान्वसुमान
प्रमेयः न ब्राह्मणा नच लोकादिकर्ता न सद्धर्मा ना
दिधर्मा भविष्यन् २४ जो भगवान विष्णु रणक्रियारूप इस
क्षत्रधर्मकर्के अमितबल शत्रुभूत असुरोंको नही मारते तो
न ब्राह्मणोंके धर्मबाकी रहते न लोक धर्मबाकी रहते न औेर

संन्यासादि धर्मवाकी रहते २४

इमामुर्वी नाजय द्विक्रमेण देवः श्रेष्ठः साधवा मा दिदेवः चातुर्वर्ण्यं चातुराश्रम्यधर्माः सर्वेनस्युर्ब्री ह्मणानां विनाशात् २५

जो आदिदेव भगवान् असुरगण संयुक्त इस पृथिवीको अप ने विक्रमकर्के नहीं जयकरते तो चारवर्ण ऊर चार आश्रम वाकीनहीरहते ऊर इन्हके धर्मभी वाकीनहीरहती सभही धर्म क्षत्रधर्मविना ब्राह्मणोके विनाशसे नष्टहोजाते २५

नष्टाधर्माः शतधा साश्वतास्ते क्षात्रेण धर्मेण पुनःप्र वृद्धाः युगेयुगे ह्यादिधर्माः प्रवृत्ताः लोकाज्येष्ठं क्षात्र धर्मं वदंति २६ जव जोनसे प्रासक्से प्रवृत्तभये लोक है वर्णाश्रमधर्म नष्टहोगये तव सोई धर्म क्षत्रधर्मकर्के पुन प्रवृत्तभयेहे जोजो युगविषे आदसनातन धर्मप्रवृत्तभयेहे सो सो क्षत्रधर्मकी प्रवृत्तिसे स्थितभयेहें ताते लोकविषेश्रेष्ट धर्म क्षत्रधर्मकोही कहतेहे २६

आत्मत्यागः सर्वभूतानुकंपा लोकज्ञानं पालनं मोक्षणं च विसंमानं मोक्षणं पीडितानां क्षात्रेधर्मे विद्यते पार्थिवानां २७ हे राजन् क्षत्रधर्मविषे यह महा विचित्रफलहे अपने शरीरआदिके त्यागमात्रसे सर्वभूतोविषे दयाहोतीहे लोकव्यवहारका ज्ञानहोताहे ऊर लोक जो आ पदापीडितहोतीहे उन्हकी आपदाका मोक्षणहोतीहे यह स भहीफल क्षत्रधर्मविषे राजालोकोकोहोताहे २७

निर्मर्यादाः काममन्यु प्रवृत्ता भीता राज्ञो नाधिगच्छं तिपापं शिष्टाश्चान्ये सर्वधर्मोपपन्नाः साधाचा राः साधुधर्मं वदंति २८

जो लोकधर्ममर्यादाज्ञानसे रहितहे सो कामक्रोधविषे प्रवृ त्तहोतेहे सोभी राजाके भयसे पापकर्मको नहीकरते ऊर जेतेशिष्टलोकहे सोभी अपनी अपनी धर्ममर्यादासे पन्न साधुआचार निष्टावाले राजाकी पालनासे होतीहे इसी हेतुसे राजधर्मको श्रेष्टजानतेहो २८

पुत्रवत्पाल्यमानानि राजधर्मेण पार्थिवैः
लोके भूतानि सर्वाणि चरंते नात्र संशयः २९
जेते इस पृथिवीविषे भूतहै सो राजा लोकोने राजधर्मकर्के पुत्र
के समान पालनकियेहुए सुखसे विचरतेहै इसमोंसंशयनही
है २९ सर्वधर्मपरं क्षात्रं लोकश्रेष्ठं सनातनम्
शाश्वदक्षरपर्यंतं मक्षरं सर्वतोमुखम् ३०
इतिशांतौ राजधर्मे चतुःषष्टितमोध्यायः ६४
सर्वधर्मोका मूल क्षात्रधर्महै लोकविषे उहीश्रेष्टहै औरसना
तनहै सदाप्रवृत्तहै और अक्षरगतीजो मोक्षप्राप्ती उसकोंअं
तकालमों करदेताहै इसकारणसे अविनाशीहै सर्वप्रकार
से सर्वधर्मोकी रक्षामो मुख्यहै ३० इतिश्रीमहाभारते शां
तिपर्वणि राजधर्मे चतुःषष्टितमोध्यायः ॥ ६४ ॥
इंद्रउवाच एवंवीर्यः सर्वधर्मोपपन्नः क्षात्रः श्रेष्ठः सर्व
धर्मेषुधर्मः पाल्योयुष्माभिर्लोकहितैरुदारैः विप
र्यये स्यादभवः प्रजानां १
इंद्रउवाच हे मांधाता हेराजन् यह क्षात्रधर्म ऐसी सामर्थ्य
युक्तहै ताते सर्वधर्मोविषे क्षात्रधर्महै श्रेष्टधर्महै सो आपजै
से उदार राजालोकोने सदापालनीयहै इसके विनाशमो स
र्वप्रजालोकोंका विनाशहोजाताहै १
भूसंस्कारं राजसंस्कारयोगमभैक्ष्यचर्यां पालनं प्रजानां
विद्याद्राजा सर्वभूतानुकंपी देहत्यागं चाहवे धर्ममग्र्यम् २
पृथिवीमो अन्नसंपदाका जो संस्कारहै और राजसूय अश्वमे
धादियज्ञोंका राजसंस्कारयोगजोहै औरसंन्यासयोगकी भिक्षा
चर्याजोहै और प्रजाका पालनजोहै इन्होंकोराजा सर्वभूतोवि
षे दयाकरणेहारा राजधर्मसेही सिद्धजाने और अपना देह
त्याग जो धर्महै उसको रणविषेही उत्तमधर्मजाने २
त्यागंश्रेष्ठं मुनयोवै वदंति सर्वश्रेष्ठं यच्छरीरंत्यजेन
नित्यं युक्ता राजधर्मेषु सर्वे प्रवृत्तंते भूमिपाला यथैव ३
हेराजन् सभही मुनिलोक सर्वत्यागको जो श्रेष्ठमानते सो

230

सर्वत्यागसे अपने शरीरका त्यागही परमश्रेष्ठत्यागहै इसी
हेतुसे जो राजधर्मविषे श्रेष्ठराजालोकहै सो तलवारे सन्मुख
ही राजधर्मके योगकर्के रणविषे शरीरत्यागको करते देखेहै ३

वेदाञ्छ्रुत्वा गुरुशुश्रूषया च परस्परा: संहननाद्वदंति
नित्यं धर्मं क्षत्रियो ब्रह्मचारी चरेदेको ह्याश्रमं धर्मकाम: ४

वहोत शास्त्रश्रवणकर्के और आर्यलोकोकी सेवाकर्के परस्प
रसंवादके विचारसे यह क्षत्रधर्म सभ उत्तमजनोने नित्य
धर्मनिष्ठावाला मानाहै ताते जो एकधर्म निष्ठावालाहै और
ब्रह्मकर्मको वेदधर्मको ब्रह्मचारी जैसा धर्मरक्षाकी कामना
वाला अपने धर्मको सदा आचरणकरे ४

सामान्यार्थे व्यवहारे प्रवृत्ते प्रियाप्रिये वर्जयन्नेव यत्नात्
चातुर्वर्ण्यस्थापना पालनाच्च तैस्तैर्योगैर्नियमैरौरसैश्च ५

जो सर्वजीवोके समान अर्थवाले प्रजापालनरूपी व्यवहारवि
षे प्रवृत्तहोवे तो अपने शरीरके प्रियअप्रियको यत्नसे त्यागक
रे चारवर्णोके धर्ममर्यादा स्थापनसे और पालनेसे जो जो राजा
धर्मके उपयोगहै तिन्होकर्के अपने हृदयके विश्वासी अमात्या
दिपुरुषोकर्के राजधर्मकोही राजा आचरणकरे ५

सर्वायोगै राश्रमं धर्ममाहु: क्षात्रं श्रेष्ठं सर्वधर्मोपपन्नं
स्वंस्वं धर्मं येन चरंति वर्णास्तांस्तान्धर्मान्नन्यथार्थान्व
दंति ६ ॥ इस क्षात्रधर्मको सर्वप्रकारके प्रयत्नोकर्के स
र्वधर्मोविषे सर्वधर्मोका मूलधर्म श्रेष्ठकहतेहै जिसकी
रक्षाबलसे सभही वर्ण अपने अपने धर्मको आचरणक
रतेहै इसकी मर्यादाविना सभही वर्ण अपने अपने धर्मो
कोही अन्यथाकल्पनाकरके अन्यथाही कहदेतेहै ६

निर्मर्यादा नित्यमर्थे निविष्टा नाहु: क्षात्रं पशुभूता
मनुष्यान् यथानीतिं गमयत्यर्थयोगाच्छ्रेयस्तस्मादा
श्रमात्क्षात्रधर्म: ॥ ७ जो जो धर्म अपने अपने धर्मोको अन्य
था अन्यथा कहतेहै केवल भोगसंपदाके सो आप धर्ममर्यादा
से रहितहोतेहै केवल भोगसंपदाके अर्थमो प्रविष्टहोतेहै
मनुष्यरूपसे पशुभूतहै ऐसे लोकोको यह राजधर्म अपने
यथार्थ दंडनीतिके योगसे नीतिमार्गमो युक्तकरदेताहै ताते

संपूर्ण आश्रम धर्मोसे क्षात्रधर्मही परमश्रेष्टहे ७

त्रैविद्यानां या गतिर्ब्राह्मणानां येचैवोक्ता आश्रमा ब्राह्मणानां एतत्कर्म ब्राह्मणस्याऽकरिष्यन् मन्यु क्रुर्व शूद्रवच्छस्त्रवध्यः ८ हे राजन् जोनसी गती वेदत्रयी धर्मकर्मयुक्त ब्राह्मणोकोहोतीहे और जोनसे ब्रह्मचर्यादि आश्रमोविषे ब्राह्मणोके बनेहे सोइ दोनो ब्राह्मणोको उत्तमकर्म कहेहे इन्हसो भिन्नजो और धर्म कर्मको करताहे सो शूद्रकी न्याई दंडयोग्य होताहे ८ ॥

चातुराश्रम धर्माश्च वेदधर्माश्च पार्थिव
ब्राह्मणेनानुगंतव्या नान्यो विद्यात्कदाचन ९

चारवर्णोकीधर्म और वेदत्रयीके धर्म जो हे तिन्हको ब्राह्मणही पावे और कदापिनही पावेगा ९

अन्यथा वर्तमानस्य नासो वृत्तिः प्रकल्प्यते
कर्मणा वर्धते धर्मो यथा धर्मस्तथैव सः १०

ब्राह्मण अन्यथा धर्ममो प्रवृत्तहोवे उसको ब्रह्मवृत्तिकी कल्पना नही बनती वेदोक्त कर्मोकर्के धर्मवृद्धिहोतीहे जेसे धर्मकरे तेसाही सो पुरुषहोताहे १०

यो विकर्म स्थितो विप्रो न स संमान मर्हति
कर्मस्वेनोपसंज्ञान मविश्वास्यः स्मृतो विदः ११

जो ब्राह्मण विपरीत कर्ममो स्थितहे सो विप्रताके संमानको योग्यनहीहे अपने वर्तमान कर्ममो जेसा प्रकटभयाहे सो तेसाहीहे उसका विश्वासकरणा योग्यनहीहे ११

एतेधर्माः सर्ववर्णेषुलीना उत्क्रष्टव्या क्षत्रियैरेषधर्माः
तस्माज्ज्येष्ठा राजधर्मा न चान्ये वीर्यज्येष्ठा वीरधर्मा मता मे

जेते वर्णधर्महे सो क्षत्रधर्मकी मर्यादाविना सर्ववर्णोविषेलीन होजातेहे सो क्षत्रियोने राजधर्मकर्के वहोउ उद्धारकरके यथायोग्य व्यवस्थासे स्थापनकरणेयोग्यहे ताते क्षत्रियोने एही धर्मकरणेयोग्यहे क्षत्रियोके सबही धर्मज्येष्टहे श्रेष्टहे और धर्म राजधर्मोसे श्रेष्टनहीहे हेवीर हे राजन् यह तुम्हारे धर्मवीरताकर्के ज्येष्टहे ताते एही वीरधर्म मेनेमानेहे १२

सांधारनाऽकवाच यवनाः किराता गांधाराः चीनाः शबर

१२

श्री॰
रा॰प॰
टी॰
२३१

231

बर्बराः शाकास्तुषाराः कंकाश्च पल्हवाश्चांद्र मद्रकाः ॥१३॥
मांधातोवाच हेदेव अपने राज्यमो वर्तमान यवनजोहे किरात जोहे गांधारजोहे चीनदेशजोहे शावरजोहे बर्बरजोहे शाक जोहे तुषारजोहे कांबोजजोहे पल्हवजोहे अंध्रजोहे मद्रकजोहे ॥१३॥

पौंड्राः पुलिंदार मटाः कांबोजाश्चैव सर्वशः
ब्रह्मक्षत्र प्रसूताश्च वैश्याः शूद्राश्च मानवाः ॥१४॥
और पौंड्रकजोहे पुलिंदजोहे मटजोहे और क्षत्रियोनिके व्यभिचार से प्रसूतभये जो वैश्यशूद्र जातिसमानहे ॥१४॥

कथं धर्मांश्चरिष्यंति सर्वे विषय वासिनः
कथं स्थाप्या मद्विधैश्च सर्वे वै दस्युजीविनः ॥१५॥
यह सभही हमारे राज्यदेशके निवासीहे यह कैसे धर्मोको आ चरणकरेंगे और मेरे जैसे मनुष्यलोकके राजाने धर्ममर्यासे स्था पनकरणेहे यह सभही धर्मकर्म चोरवृत्तिवालेहे ॥१५॥

एत दिच्छाम्यहं श्रोतं भगवं स्तद्ब्रवीहि मे
त्वंबंधुभूतो ह्यस्माकं क्षत्रियाणां सुरेश्वर ॥१६॥
हे भगवन् यह मे सुनाचाहताहूं आपसेको व्यवस्थासे कहो हे सुरेश्वर तू हमजैसे क्षत्रिलोकोंको साक्षात् बंधुरूपहे ॥१६॥

इंद्रउवाच माता पित्रोश्च कर्तव्या शुश्रूषा सर्वदस्युभिः
आचार्य गुरु शुश्रूषा तथैवाश्रम वासिनाम् ॥१७॥
इंद्रउवाच हेराजन् जो ऐसे धर्मकी चोरीवृत्तिवाले विपरीत वर्णहे तिन्होने अपने मातापिताकी सेवाकर्तव्यहे आचार्योकी सेवा गुरोकीसेवा और आश्रमवासी तपस्वी जनोंकी सेवाकर्तव्यहे ॥१७॥

भूमिपानां च शुश्रूषा कर्तव्या सर्वदस्युभिः
वेद धर्म क्रिया श्चैव तेषां धर्मो विधीयते ॥१८॥
और राजालोकोंके सेवा अवश्यकर्तव्यहे ऐसे चोरवृत्तिवाले ज नोंको राजसेवाविना और धर्मकर्म नहीहे और देशकालके अ नुसार दानभी दातव्यहे और वेदोक्त धर्मक्रियाभी इन्हको धर्म जानकर्के कर्तव्यहे ॥१८॥

पितृयज्ञास्तथा कूपाः प्रपाश्च शयनानि च
दानानि च यथाकालं द्विजेभ्यो विसृजेत्सदा ॥१९॥
पितृयज्ञ कर्तव्यहे कूपादिजलाशयकर्तव्यहे और जलपान की निवासकी अन्नदानकी धर्मशालाकर्तव्यहे और यथाका

ले पाइकर ब्राह्मणोको दानभी दातव्यहे १९

अहिंसा सत्यमक्रोधो ह्यनिदायाञ्च पालनं
भरणं पुत्रदाराणां शौचमद्रोह एव च २०

अहिंसा ओर सत्य अक्रोधभी कर्तव्य ओर दीनदुःखी जनोका पालन कर्तव्यहे ओर अपने पुत्रदारादि संबंधिजनोका पोषण कर्तव्यहे ओर शौच ओर अक्रोधभी कर्तव्यहे २०

दक्षिणा सर्वयज्ञानां दातव्या भूति मिच्छता
पाकयज्ञा महार्घाश्च दातव्याः सर्वदस्युभिः २१

ओर दक्षिणाभी सर्वयज्ञोकी दातव्यहे अपनी कल्याण संपदाकी वांछावास्ते पाकयज्ञ निमित्त ब्राह्मणोको धनदेना ओर श्राद्ध विषे ग्रामअन्न तथा सुवर्णादि दक्षिणादातव्यहे महासंपदा श्रद्धावासते जेते यह धर्मकर्मके चोरह्मलोक हे तिन्होने महादानभी अवश्य दातव्यहे २१

एतान्येव प्रकारेण विहितानि पुरानघ
सर्वलोकस्य कर्माणि कर्तव्यानीह पार्थिव २२

यह एतेही धर्मकर्मके प्रकार पुराकालमो सर्वलोकके हितवास्ते विधिसे कल्पित कियेहे हे अनघ हे राजन् एही तेनेभी कर्तव्यहे २२

मांधातोवाच दृश्यंते मानुषे लोके सर्ववर्णेषु दस्यवः लिंगांतरे वर्तमाना आश्रमेषु चतुर्ष्वपि २३

मांधातोवाच हे देव इस मनुष्यलोकविषे सर्ववर्णोविषे अपने धर्ममर्यादाकी चोरीसे अनेक एसी चोरहत्तिवाले दृष्ट होतेहे सो अनेक धर्म चिन्होकर्के वर्तमान संपूर्ण आश्रमोविषेभी दृष्ट होतेहे इन्हकी उत्पत्तीका हेतु क्याहे उसको कहो २३

इंद्रउवाच विनष्टायां दंडनीतो राजधर्मे निराकृते संप्रमुह्यंति भूतानि राजदोरात्म्यतो नच २४

इंद्रउवाच हे अनघ हे राजन् जब राजाकी दंडनीति नष्ट होतीहे राजधर्मका लोप होजातेहे तब सभही भूत अपने धर्मके मोहको प्राप्त होताहे इसका हेतु राजाके दुष्टिसे होताहे २४

असंख्याता भविष्यंति भिक्षवो लिंगिन स्तथा
आश्रमाणां विकल्पाश्च निवृत्तेस्मि न्कृते युगे २५

जो ऐसा राजनीतिका राजधर्मरूपी सत्ययुग निवृत्तभया
तो असंख्यात ऐसे धर्मलिंगी पाखंडरूपी अनेक भिक्षुक
मवाले होवेगें यही राजकृत दोषबनाहै २५

अक्षुण्वानाः पुराणानि धर्माणां परमागतीः
उत्पथं प्रतिपत्स्यंते काममन्यु समीरिता २६

जोनसी प्रत्यक्ष पुरातन धर्मोका मर्यादासे सो सभही काम।
क्रोधके पवन वेगकर्कै उलटी गतिको प्राप्तहोजावेगी २६

यदा निवर्तते पापो दंडनीत्या महात्मभिः
तदा धर्मो न चलति सद्भूतः शाश्वतः परः २७

हे राजन् जब आपजैसे महात्मा राजा लोकोने दंडनीतिक
कै पाप पाखंडकर्कै धर्मको निवृत्तकिया तव सत्यभूत अ
खंड सनातन परमधर्म अपनी मर्यादासे नहीचलता सदा
स्थिर् बनारहताहै २७

सर्व लोकगुरुं चैव राजानं योव मन्यते
नतस्य दत्तं न हुतं न श्राद्धं फलते क्वचित् २८

हे राजन् राजाकी आज्ञाविना कोईधर्म सफलनहीहोता
राजसर्वलोकका गुरुहै उसकोजो वियादानादि मदक
कै अवमानकरताहै अज्ञानहीमानता उसका दानहो
म श्राद्धादि धर्मकर्मकदापिनही फलकोदेता २८

मनुष्याणा मधिपतिं देवभूतं सनातनं
देवापि नावमन्यंते धर्मकामं नरेश्वरम् २९

मनुष्योका अधिपति सनातन देवभूत राजाहै ऐसे धर्म
पालना कामना वाले पर्जन्य सूर्यादि देवताभी अवमान
नहीकरते उसकी आज्ञाकर्कै प्रतिवृष्टि अनावृष्टि दुर्भिक्ष
उत्पात रोगोकोभी निवृत्तकरदेतेहै २९

प्रजापति र्हि भगवा न्सर्वं चैवा सृज ज्जगत्
स प्रवृत्ति निवृत्त्यर्थं धर्माणां तत्र भिक्षताम् ३०

प्रजापति भगवान जोहै सो सृष्टिकालमें सर्वजगतको स
जताभया सोई प्रजापति धर्म धर्मोकी प्रवृत्ति निवृत्ति

नियमवाले क्षत्रधर्मको रुजने चाहताहे ३०

प्रवृत्तस्य हि धर्मस्य बुद्ध्या यः स्मरते गतिं स मे मान्यश्च पूज्यश्च तत्र क्षत्रं प्रतिष्ठितं ३१ प्रजापति भगवानभी ऐसी विचार करताहे मेने जो यह धर्म कर्म प्रजाके हितवास्ते रुजाहे इसकी दृढगतीको जो राजा अपनी बुद्धिकरके स्मरण करता सो मेरा मान्यहे और पूज्यहे ऐसी धर्मबुद्धिमो राजधर्मही प्रतिष्ठितहे ३१

भीष्मउवाच एवमुक्त्वा स भगवान्मरुद्गणवृतः प्रभुः जगाम भवनं विस्नो रक्षरं शाश्वतं पदं ३२ भीष्मउवाच हे राजन् युधिष्ठिर सो भगवान् राजा मांधाताको ऐसे कहिकर मरुतगणोकरके युक्त जगतका प्रभु विस्नुभगवानके अक्षर शाश्वत परमधामको जाताभया ३२

एवं प्रवर्तिते धर्मे पुनः सुचरिते न च कः क्षत्रमवमन्येत चेतनावान्बहुश्रुतः ३३ इसप्रकार यह क्षत्रधर्म प्रवृत्तभयाहे पुराणे लोकोने शुद्धजानकर आदसे आदसे आचरण कियाहे ऐसे धर्मवाले राजाको चेतनावान् बहुश्रुतहोकर कौन पुरुष अवमान करताहे ३३

अन्यायेन प्रवृत्तानि निवृत्तानि तथैव च
अंतरा विलयं यांति यथा पथि विचक्षुषः ३४
यह सभही भूत राजधर्म विना अन्यायविषे प्रवृत्तहोतेहे और धर्ममार्गसे निवृत्तहोजातेहे जैसे मार्गविषे नेत्रहीन भूत कुमार्गगतीकरके वनमाही भूलकर विनाशको प्राप्त होजातेहे तैसे राजाकी रक्षाबिना विनाशको प्राप्तहोतेहे ३४

आदौ प्रवर्तिते चक्रे तथैवादिपरायणे
वर्तस्व पुरुषव्याघ्र संविजानामि तेऽनघ ३५
इति शांतौ राजधर्मे पंचषष्टितमोऽध्यायः ६५
हे अनघ युधिष्ठिर इसप्रकार यह जगतका चक्र राजधर्मसे आदसे प्रवृत्तभयाहे तूभी सर्वभूतोकी शरणभूत क्षत्रधर्मविषे संप्रवृत्तहो तोको पुरुषश्रेष्ठ सर्वसामान्य संपन्नसे जानताहु ३५ इति श्री महाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मे पंचषष्टितमोऽध्यायः ६५

युधिष्ठिरउवाच श्रुतामे कथिता सर्वे चत्वा
रो मानवाश्रमाः आश्रमान यित्वाख्यान मेत
द्वा चत्व पृच्छतः १ ॥ युधिष्ठिरउवाच
हे पितामहजी मेने आपसे मनुष्यमात्रके चारआश्रम
श्रवण कियेहे ऐसे श्रवणकर्के मोको संशय भयाहे
आपने अधमजाती जनोकोभी चार आश्रमोके धर्मकहे
हे मे इसको विस्तार व्याख्यानकर्के सुनाचाहताहूं आप
को इसीवास्ते पृछाकरताहूं इसनिर्णयको आपमेरे प्र
तिकहो १ ॥ भीष्मउवाच
विदिताः सर्व एवेह धर्मास्तव युधिष्ठिर
यथा मम महाबाहो विदिताः साधुसंमताः २
भीष्मउवाच हे युधिष्ठिर हे महाबाहो जोनसे साधुजनो
के संमतिवाले उत्तम धर्महे सो जेसे मोको सभही विदि
तहे तैसे तोकोभी साधुसंमतसभही विदितहे २
यत्तुलिंगांतर गते पृछसे मां युधिष्ठिर
धर्मं धर्मभृतां श्रेष्ट तन्निबोध जनाधिप ३
जो तूं लिंगशरीरके अंतर्गत सूक्ष्मज्ञानको कारणभूत ह्र
दयाकाशविषे बुद्धिज्ञान संपन्न अधिक सर्वज्ञ मानताहे
तो धर्मभृतां श्रेष्ट धर्मज्ञानधारी जनोविषे श्रेष्टराजन् जो
तूं अतिधर्म रहस्यको मोसे श्रवणकर ३
सर्वाण्येतानि कौंतेय विद्यंते मनुजर्षभ ॥
साध्वाचार प्रवृत्तानां चातुराश्रम्य कारिणां ४
हे सर्व मनुष्यो विषे श्रेष्ट जेते यह चार आश्रमोके धर्मका
मेके लक्षण गुणहे सो सभही साधुआचार प्रवृत्तिवाले
राजधर्मोविषे विद्यमानहे ४
इन्होविषे जोनसा जिस जिस आश्रमका अहिंसा अक्रोध
जित विनादि साधर्महे सो साधर्म जिस किसी आश्र
मविषे और जेसी केसी कोई जातिविषे जहां विद्यमानहे
सो पुरुष अवश्य उस आश्रम धर्मके प्राप्यस्थानको
प्राप्तहोताहे उत्तमपद प्राप्तिमो और उत्तमाधम जाति

का और आश्रम विशेषका प्रतिबंध नहीहै यही क्रम को व्याख्या विस्तारकर्के कहतेहै ४

अकाम द्वेष युक्तस्य दंडनीत्या युधिष्ठिर
समदर्शिनो भूतेषु भैक्ष्याश्रम पदंभवेत् ५

प्रथम क्रम अपने धर्मविषेही श्रवणकरो जो राजा काम राग द्वेष रहित दंडनीतिकर्के प्रजापालन करता है सर्वभूतो विषे समदर्शीहै उसके जोनसा भिक्षावर्षावाले संन्यास आश्रमकर्के ब्रह्मलोक प्राप्ति और ब्रह्मलोकता प्राप्तिफलहै सो फल अवश्य होताहै ५

वेत्तिज्ञानं विसर्गं च निग्रहा नुग्रहं तथा
यथोक्तकारिणो धीरस्य हेमाश्रम पदंभवेत् ६

हे राजन् जोनसा गृहस्थ संसारके बंधको ज्ञानको जानता है संसारबंधके मोक्षज्ञानकोभी जानताहै और सर्वभूतोविषे निग्रह अनुग्रहके दोषको गुणकोभी जानता अपने वर्णधर्ममेो यथोचित्त हर्तिहै ऐसे स्वस्थदुःखेषु भिसे महाधीर पुरुषजो गृहस्थाश्रमी मोक्षफलको देताहै ६ ॥

यथा न्नजयतो नित्यं संविभागेन पांडव
सर्वत स्तस्य कौंतेय भैक्ष्याश्रमपदं भवेत्

हे कौंतेय जो गृहस्थ देवता पितर अतिथि स्वकुटुंब इन्को यथा योग्य स्नानदान आहारादि पोषण विभागसे अन्नवस्त्र देकर पालन करता उसको स्वदार गमनादि गृहस्थकर्म प्रथम भिक्षाचर्यावाले ब्रह्मचर्यके मोक्षपदके मोक्षपदको देताहै ७ ॥

तपदके मोक्षपदको देताहै ७ ॥

ज्ञाति संबंध मित्राणि आपन्नानि युधिष्ठिर
समभ्युद्धर माणस्य दीक्षाश्रमपदं भवेत् ८

हे युधिष्ठिर जो गृहस्थ अपनी ज्ञाति संबंधी जनोको और मित्रोको अवर दीनरोगी दुःखी जनोको आपदाकी पीडासे उद्धार करताहै तहां शत्रु मित्र भावनहीमानता उसका गृहस्थाश्रम वानप्रस्थ धर्मके मोक्षपदको देताहै ८

शा॰ प॰
टी॰
२३५

234

लोकमुख्येषु सत्कारं लिंगमुख्येषु वासकृत्
कुर्वन् तस्य कौंतेय वन्याश्रमपदं भवेत् ९
जो गृहस्थ सर्वलोकोंकी सुखदर्शनसे मधुरवचन
करके अन्नपान दानकरके ओर ऐसे धर्मलिंगवाले सं
न्यासी ब्रह्मचारी आदिलोकोंके सुखदर्शनसेभी य
थोचित सुखसंस्कारको प्रसन्नमनहोकरके उसकोभी
गृहस्थधर्म वानप्रस्थपदको करताहै ९
आह्निकं पितृयज्ञांश्च भूतयज्ञान् समाचरन्
कुर्वतः पार्थ विपुला वन्याश्रमपदं भवेत् १०
जो गृहस्थ आह्निक पितृयज्ञोंको मनुष्ययज्ञोंको देवयज्ञ
को विधिसत्कार श्रद्धासे विस्तारकरके करताहै उ
सको गृहस्थकर्म वानप्रस्थपदके फलको करताहै १०
संविभागेन भूतानामतिथीनां तथार्चनात्
देवयज्ञैश्च राजेंद्र वन्याश्रमपदं भवेत् ११
जो गृहस्थ सर्वभूतोंको विभागकरके ओर अतिथिजनो
को विभागकरके देवयज्ञोंकरके पूजनकरतेहै हे
राजेंद्र ऐसे गृहस्थको वानप्रस्थ पदका फलहोताहै ११
मर्दनं परराष्ट्राणां शिष्टार्थं सत्यविक्रम
कुर्वतः पुरुषव्याघ्र वन्याश्रमपदं भवेत्
हे पुरुषव्याघ्र शिष्टरक्षावास्ते पराए राष्ट्रदेशोंको व
नकी औषधी जैसा तुच्छजानकर मर्दनकरताहै ओर र
णविषे अपने सत्य प्रतिज्ञाके पराक्रमको करताहै
ऐसे राजाको गृहस्थधर्म वानप्रस्थ आश्रमके फलको
देताहै १२ ॥
पालना सर्वभूतानां स्वराष्ट्रपरिपालनात्
दीक्षाबहुविधा राजन् संन्यासाश्रमपदं भवेत् १३
हे राजन् जोनसाराजा सर्वभूतोंकी पालना अपने रा
ष्ट्रदेशको पालनकरताहै ओर बहोत यज्ञोंकी अनेक
प्रकारकी दीक्षाव्रतधारणकरताहै संन्यासपदको
ब्रह्मलोकगति फलहोताहै १३ ॥

वेदाध्ययन नित्यत्वं क्षमाथाचार्य पूजनम्।
अथो,पाध्याय शुश्रूषा ब्रह्माश्रमपदं भवेत्
जो गृहस्थ वेदाध्ययन नित्यकरताहै ओर क्षमाकरताहै ओर आचार्यपूजा करताहै ओर अपने याजक उपाध्याय की शुश्रूषा विधिसे करताहै उसकोभी गृहस्थधर्म ब्रह्मचर्य पदके फलको करताहै १४

आह्निकं जपमानस्य देवान्सं यजतः सदा
धर्मेण पुरुषव्याघ्र धर्माश्रमपदं भवेत् १५
जो गृहस्थ अपने आह्निक स्वाध्यायको जपकरताहै ओर स्वधर्मकरके देवगणोंको पूजाकरताहै उसको गृहस्थाश्रम संपूर्ण आश्रम धर्मोंके पदको देताहै १५

मृत्युर्वा रक्षणं चेति यस्य राज्ञो विनिश्चयः
प्राणद्यूते नत स्तस्य ब्रह्माश्रमपदं भवेत्
हे राजन् जिसराजाको प्राणोंका द्यूतजो रणक्रीडा उसमें यह निश्चय होवहे जो रणमें मृत्युभीहै ओर प्राणरक्षाभी अपने युद्धधर्मसे होतीहै ऐसे जानकर जो रणविषे धीरहै उसको गृहस्थाश्रम संन्यास आश्रमके पदको देताहै ॥ १६

अजिह्म,मशठं मार्गं वर्तमानस्य भारत
सर्वदा सर्वभूतेषु ब्रह्माश्रमपदं भवेत् १७
जो गृहस्थ सदा सर्वदा सर्वभूतोंविषे कपटरहित वा क्रचल रहित मार्गको प्रवर्तमानहै उसको गृहस्थ धर्म ब्रह्मगती करणेहारे वानप्रस्थाश्रमके पदकोकरताहै

१२

वानप्रस्थेषु विप्रेषु त्रैविद्येषु च भारत ॥
प्रयच्छते,र्थो न्विपुला न्वन्याश्रमपदं भवेत् १८
जो गृहस्थ वानप्रस्थविषे वेदत्रयीकी विद्यासंपन्न ब्राह्मणोंविषे बहोत सत्वकारी धनसंपदाको श्रद्धाप्रीतिसे देताहै उसको गृहस्थधर्म वानप्रस्थआश्रमको पदको देताहै १८ ॥

सर्वभूतेषु,च्चाक्रोशं कुर्वत स्तस्य भारत।
आनृशंस्य प्रवृत्तस्य सर्वावस्थंपदं भवेत् १९

गी॰प॰
टी॰
२३५

235

जो गृहस्थ सर्वभूतोंविषे दयाकरणेमें प्रसन्नभयाहै और कू
रताकोंत्यागकरताहै उसका गृहस्थधर्म सकल आश्रमोंके
धर्मपदको करताहै १९ ॥

बालवृद्धेषु कौंतेय सर्वावस्थं युधिष्ठिर
अनुकूलक्रियापार्थ सर्वावस्थे पदंभवेत् २०

हे पार्थ हे कौंतेय जोगृहस्थ बालावृद्ध दीनदुखी जनोंविषे
सर्वप्रकारकी अवस्थामें सदादयाकरताहै उसका गृह
स्थधर्म सर्वआश्रमो धर्मकर्मकी सकलअवस्थाकेपदको
देताहै २० बलात्कृतेषु भूतेषु परित्राणंकुरुद्व ।

ह शरणागतेषु कौरव्य कुर्वन् गार्हस्थ्य मावसेत् २१

हे कुरुवंशके कुरुशार्दूल यह पुरुष बलात्कारसे कष्ट
को प्राप्तभये शरणागत भूतोंविषे परित्राण रक्षाकर
ताहै सो गृहस्थ धर्मरूपी तीर्थविषे वासकरे २१

चराचराणां भूतानां रक्षणंचापि सर्वशः ॥

यथार्हं पूजां च तथा कुर्वन् गार्हस्थ्य मावसेत् २२

और चर अचरजो भूतहै उनकी सर्वदारक्षाकरे और अन्नादि
दानभीकरे सो गृहस्थ धर्मरूपी तीर्थविषे निवासकरे २२

ज्येष्ठानुज्येष्ठपत्नीनां भ्रातृणां पुत्र नप्तृणाम्
निग्रहा नुग्रहो पार्थ गार्हस्थ्ये तप उत्तमः २३

हे राजन् अपने ज्येष्ठभ्राताकी पत्नीको और उसके पश्चा
त् अपनी ज्येष्ठभ्राताकी इसीप्रकार और अपने ज्येष्ठकनि
ष्ठभ्राता जनोंको पत्नीयोंको और पुत्र पौत्र जोहै और उ
न्हकीभी पत्नीयोंको निग्रह अनुग्रहको यथार्थकरता
है उसका गृहस्थधर्म महानतपजैसा फलकारीहै २३

साधूनां अर्चनीयानां पूजाच विदितात्मनां
पालनं पुरुषव्याघ्र गृहाश्रमपदं भवेत् २४

जो पुरुष पूजनीय साधुजनोंको पूजामें विधिज्ञान संपन्न
है उन्हके पालनकरताहै हे पुरुषव्याघ्र उसका गृहाश्र
मपदका यथार्थ फलहोताहै २४ ॥

आश्रमस्थानि भूतानि यस्तु वेश्मनि भारत
आददीते ह भोज्येन तद्गार्हस्थ्यं युधिष्ठिर २५

हे युधिष्ठिर हे भारत जो पुरुष अपने यथोक्त आश्रम स्थि
तभूतोंको भोजनदानकर्के अपने गृहविषे लेआवताहै उ
सका गृहस्थधर्म सफलवनाहै २५

यः स्थितः पुरुषो धर्मे धात्रा सृष्टे यथार्थवत्
आश्रमाणां हि सर्वेषां फलंप्राप्नोत्यनामयम्

जो पुरुष विधाताने सृष्टकिये अपने वर्णधर्मविषे यथार्थ
स्थितहै सो पुरुष संपूर्ण आश्रमोंके धर्मकर्मका अक्षय
फलको प्राप्तहोताहै २६

यस्मिन्न नश्यन्ति गुणाः कौंतेय पुरुषे सदा
आश्रमस्थं तमप्याहु र्नरश्रेष्ठं युधिष्ठिर २७

हे युधिष्ठिर जिसविषे अपने वर्णोंके धर्मगुण नष्टनहीहो
तेहैं ऐसे श्रेष्ठनरकोभी आश्रमधर्मविषेहि स्थितकहतेहैं २७

स्थानमानं कुलेमानं वयोमानं तथैवच
कुर्वन्वसति सर्वेषु ह्याश्रमेषु युधिष्ठिर २८

हे युधिष्ठिर जो पुरुषधर्मकर्मके प्रतिपुण्यकारी गंगातीरा
दि उत्तमस्थानके मानको करताहै और वेदविद्याके स्वधर्मस्थ
कुलके मानको करताहै और वालवृद्ध ज्ञानवृद्धादि अवस्था
विशेषके मानको करताहै सो सर्वआश्रमोंके धर्ममें स्थि
रवास करताहै २८

देशधर्मांश्च कौंतेय कुलधर्मांस्तथैवच।
पालयन्पुरुषव्याघ्र राजा सर्वाश्रमी भवेत् २९

हे कौंतेय हेपुरुषव्याघ्र जो राजा देशधर्मोंको और धर्मोंको
दंडनीतिसे पालनकरताहै सो राजा संपूर्ण आश्रमधर्मों
का आपआश्रम जैसा आश्रयभूतहोताहै २९

काले विभूतिं भूतानां मुपहारांस्तथैवच
अर्हयेत् पुरुषव्याघ्र साधूना माश्रमेवसेत् ३०

हे पुरुषव्याघ्र जो राजा आपदादिकालमें सर्वभूतोंको सं
पदाको अन्नपान भक्ष्यभोज्यादि दानकर्के पूजाकरता
है सो राजा सकलसाधुधर्मवाले आश्रमधर्मोंका आ
श्रमहोताहै ३०

दशधर्मगत श्चापि यो धर्मं प्रत्यवेक्षते ॥

रा.प.
टी.
२३८

सर्वलोकस्य कौंतेय राजा भवति सो ऽपि भी ३१
हे कौंतेय जो राजा आपमत्त प्रमत्तादि दशप्रकारके आ
पदा धर्मोंको आश्रभयाहे तोभी सर्वलोकके ज्ञानधर्मो
को सदाचिंताकर्के देषताहे सो राजा सर्वाश्रमधर्मोंके
फलका यशभागी होताहे ३१

येधर्मकुशला लोके धर्मं कुर्वंति मानवाः
पालिता यस्य विषये धर्मांश स्तस्य भूपतेः ३२
हे भारत जोनसे धर्मकुशललोक अपने धर्मको यथा
विधि आचरणको करतेहे ऐसे धर्मकर्मवाले लोकजि
सकी पालनाकर्के जिसके देशमो सुखवासको करतेहे
उन्हके धर्मकर्मके फलका सकल अंशभागी राजाहोताहे ३२

धर्मारामा न्धर्मपरा न्ये न रक्षंति मानवान्
पार्थिवाः पुरुषव्याघ्र तेषां पापं हरंति ते ३३
हे पुरुषव्याघ्र जोनसा राजालोक धर्मकर्मकी प्रीतिवाले
स्वधर्म परायण मनुष्योंको अधर्मबाधासे नहीरक्षाकर
ते ऐसे राजालोक संपूर्ण लोकोंकी अधर्मपीडाके पाप
को आपलेतेहे ३३

ये चा प्यत्र सहाया स्युः पार्थिवानां युधिष्टिर
ते चैवां शहराः सर्वे धर्मे परकृतेन च ॥ ३४
और हे युधिष्ठिर जोनसे राजालोक धर्मकारी लोकोंके
धर्मको रक्षाकरतेहे जो पुरुष धर्मपालकराजाको ध
र्मज्ञलोकोंकी पालनामों सहायकरतेहे सोभी पर
कृत धर्मकर्केभी अंशभागीहोतेहे ३४

सर्वाश्रमपदे प्याहु र्गार्हस्थ्यंदीप्त निर्णयम्
पावनं पुरुषव्याघ्र यं धर्मं पर्युपासहे ३५
हे पुरुषव्याघ्र जेते संपूर्णआश्रमोके उत्तमपदहे तिन्होंवि
षे गृहस्थाश्रमपद प्रत्यक्षप्रकाश निर्णयवालाहे इसके
सरीखा और आश्रमपदपवित्रनहीहे जोनसे गृहस्थाश्रम
धर्मको अहंता ममताके अपवित्रहहोकर्केभी उपास
नकरतेभये ३५ ॥

आत्मोपम स्तु भूतेषु यो वै भवति मानवः

त्यक्तदंडो जितक्रोधः प्रेत्य च लभते सुखम् ३६
ताते हे राजन् जो पुरुष सर्वभूतोविषे अपने सुखदुःखे
की प्रिय अप्रियकी उपमाको तुल्यताको मानताहै सो
पुरुष अपने अभिमानदंडको त्यागकर जितक्रोधहोताहै
इहलोकमो परलोकमोभी अविउसुखको प्राप्तहोताहै ३६
धर्मे स्थिता सत्ववीर्या धर्मसेतु वटारकाः ।।
त्यागवाता धर्मशीघ्रा नौ र्हि संतारयिष्यति ३७
हे राजन युधिष्ठिर यह राजधर्मकी महाउत्तम नौकाहै
सो प्रजापालनारूपी धर्मसमुद्रमों स्थितभईहै इसको
अपने धर्मकर्मका दृढप्रयत्नकी धीरताही कर्णधारकाके
वटकावलहै और धर्मशास्त्रका श्रवणविचार इसकीबंधा
नरज्जुहै जिसकालमो अपने सुखदुःखादित्यागरूपी वात
कैवेगकर्के शीघ्रगतीवाली होतीहै सो संपूर्णजगतया
त्राके वर्णाश्रमधर्मके पथिकजोहै तिन्हको यथोचितदंड
नीतिवाले राजाके साथ दुःखसंसारसमुद्रसे पारउतार
देतीहै ।। ३७ ।।
यदा निवृत्तः सर्वस्मात्कामो यो स्य हृदि स्थितः
तदा भवति सत्वस्थस्ततो ब्रह्म समश्नुते ३८
जब इस पुरुषके हृदयस्थ कामभोगाके दृढसंकल्प निवृ
त्तहोतेहै तब यह पुरुष अद्वैज्ञानवाली केवलविचारबुद्धि
मों स्थितहोताहै वहोउब्रह्मभावमात्रको अनुभवकरताहै
सुप्रसन्नस्तु भावेन योगेन च नराधिप
धर्मं पुरुषशार्दूल प्राप्स्यसे पालने रतः ३९
हे नराधिप ऐसा पुरुष चित्तके निरोध योगकर्के शुद्धज्ञान
के प्रभावकर्के सदासुखी सदाप्रसन्नहोता है ऐसा राजाप्र
जापालनविषे रतहोताहै सो मोक्षधर्मको प्राप्तहोताहै ३९
वेदाध्ययनशीलानां विप्राणां साधुकर्मणाम्
पालने यत्नमास्तिष्ठ सर्वलोकस्य चैव ह ४०
हे राजन् ताते तुम जोनसे वेदाध्ययन शीलब्राह्मणहै सा
धुवृत्तिवाले धर्मकर्मरत उन्हके पालनमो और सर्वलोको
के धर्मकर्म पालनमो यदा यत्नमो स्थितहोवो ४०

रा॰ध॰
टी॰
२३७

वने चरंति ये धर्म माश्रमेषु च भारत ॥
रक्षणा तच्छतगुणं धर्मं प्राप्नोति पार्थिवः ४१
हे भारत जो तपस्वी जनवनमें आचरण करतेहैं और चारों आश्रमोंविषे जो सर्वलोक धर्मकर्म करतेहैं उस काशतगुण पुण्यकाधर्म सभकी रक्षासे राजाको प्राप्तहो ताहै ४१ ॥

एष ते विविधो धर्मः पांडवश्रेष्ठ कीर्तितः
अनुतिष्ठ त्वमेवैतं पूर्वदृष्टं सनातनम् ४२
हे पांडव विविधप्रकारका धर्मतोको हमने कीर्तनकर्के कहाहै तूंभी इसके अनुष्ठानकर्यो यह पूर्वसृष्टीसे सना तन प्रवृत्तहोवाहै ४२

चातुराश्रम्य मेकाग्रे चातुर्वर्ण्यं च पांडव
धर्मं पुरुषशार्दूल प्राप्स्यसे पालने रतः ४३
इतिश्री राजधर्मे चातुराश्रम्यविधिः षष्टि तमोध्यायः ॥ ६६॥

हे पुरुषश्रेष्ठ हे पांडव जैसा चार आश्रमोके धर्मोका एकाग्रसार धर्मफलहै और जैसा चारवर्णोंके धर्मोका एकाग्रसार सर्वस्वधर्महै उसका संपूर्ण धर्मफलको तूंही प्रजापालनरतहोकर पावेंगा ४३ ॥ इतिश्री महाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मे चतुराश्रमधर्मविधिः षट्षष्टित मोध्यायः ॥ ६६

युधिष्ठिरउवाच चातुराश्रम्य मुक्तं मे चातुर्वर्ण्यं तथैव च राष्ट्रस्य यत्कृत्यतमं तत्तो ब्रूहि पितामह १
युधिष्ठिरउवाच हे पितामहजी तुमने मोको चारआश्रमों को धर्मकर्म कहाहै और चारोंवर्णोंकाभी धर्म कर्म समग्र कहाहै अबजो राजाके राज्य निवासी लोकोंके कृत्यहै तिन्होंको आपमेरे प्रतिकहो १ ॥

भीष्मउवाच राष्ट्रस्यै तत् कृत्यतमं राज्ञ एवा,भि षेचनं अनिंद्र मबलं राष्ट्रं दस्यवोभि भवंत्युत २
भीष्मउवाच हे भारत राजाके राज्यका प्रथमही कृत्यहै जो प्रथमराजाको अभिषेक करनाहै राजा केवल बिना

राज्यकार्य सब निर्बलहोताहै उसको चोरादि दुष्टलोक उ
जाडदेतेहैं ॥ २ ॥

अराजकेषु राष्ट्रेषु धर्मो न व्यवतिष्ठते परस्परं
च खादंति सर्वथा धिग राजकम् ३

अराजक राज्यमो धर्म कर्मकी व्यवस्थानही स्थितहोतीहै
परस्पर प्रजाके लोकबलकर्के खोलतेहै ताते अराजको
देशको धिगहै ३ ॥

इद्रमेव प्रवृणते यद्राजान मिति श्रुतिः ॥
यथैवेंद्रस्तथा राजा संपूज्यो भूति मिच्छता ४

राज्यमो राजाको सर्वलोक इंद्रलोक कर्के मानतेहै जैसे
इंद्र त्रिलोकीमो पूज्यहै तैसी राजाभी अपने कल्याणवास्ते
इंद्रके समान पूजनीयहै ४

नाराजकेषु राष्ट्रेषु हव्य मग्नि र्वहत्यु त
नाराजकेषु राष्ट्रेषु बलम मिति रोचये ५

अराजके देशमो वासकर्तव्य नहीहै इसप्रकार मे सर्वलो
कोकेरुचिजानताहै अराजक लोकोविषे अग्निभी होम
द्रव्यको ग्रहणनही करता उसी द्रव्यकर्के उलटा शांतहो
जाताहै ॥५ ॥

अथ चेदभिवर्तेत राज्यार्थी बलवत्तरः ॥
अराजकानि राष्ट्राणि हतवीर्याणि वा पुनः ६

अथचेत् यदिकोई बलवान पुरुष अराजक देशविषे
राज्यार्थी होकर बलवानयत्नकरे तब सोभी उसदेश
के लोकोने पूजनीयहै जोनसे देश अराजकहै सो ह
तबल होतेहै निर्बलहोतेहै ६ ॥

प्रत्युद्गम्या, भिपूज्यः स्या देतद,त्र सुमंत्रितम्
न हि पापा त्परतर मस्ति किंचिदराजकात् ७

ताते जो बलवान् पुरुष राज्यकरणेको उद्यमकरे उस
को समीप जाकर पूजाकरे यह निश्चय कर्तव्यहै जोन
सा अराजकदेशमो निवासकरणा ऐसी पापसे परम
और और पापफलनहीहै ७

स चे त्समनु पश्येत समग्रं कुशलं भवेत्

रा.प.
टी.
२२६

९३८

बलवान् हि प्रकुपितः कुर्यात् निःशेषतामपि ८

जो तो सो पुरुष राजा होकर प्रसन्नतासे क्रोधसे देशमें शुभ अशुभ जैसा कराचाहे सो सभही उसकालविषे कुशलमानना जो बलवान् कुपित होताहै सो सभा को निःशेषभी करताहै ८

भूयांसं लभते क्लेशं या गौर्भवति दुर्दुहा
अथ या सुदुहा राजन्नैव तां वितुदन्त्यपि ९

जौनसी गौ दुःखसे दुधदेतीहै सो अधिककष्टकोहो तीहै अथवा जौनसी गौ सुखसे दोहनकरावलीहै उसको कोई दुःखनही देता ९

यदतप्तं प्रणमते नैनत्संताप मर्हति ॥
यत्स्वयं नमते दारु न तत्संताप मर्हति १०

जो काष्ठादिक अग्निसंतापविना नमजाताहै सो संतापन ही पावता जो काष्ठआप नमजाताहै उसको लोकसंता पनही देते १० ॥

एतयोपमया वीर संनमेत बलीयसे
इंद्राय स प्रणमते नमते यो बलीयसे ११

ऐसी दृष्टांत उपमाको देषकर बलवान वीर पुरुषको प्र णाम करके नम्रहोजावे इंद्रको सो प्रणाम करताहै जो इंद्रको सबल जानताहै ११

तस्माद्राजैव कर्तव्यः सततं भूतिमिच्छता
न धनार्थो न दारार्थस्तेषां येषामराजकं १२

ताते अराजदेश लोकने अपनी कल्याणवांछा करके राजा अपनी रक्षावासते राजा अपने देशमें आवश्यक कर्तव्यहै जिनकादेश अराजकहै उनको धनकी अर्थ सिद्धिनही है दारा कुटुंबकी अर्थसिद्धि नहीहै १२

प्रीयते हि हरन्पापः परवित्तमराजके ॥
यदास्य उद्धरन्त्यन्ये तदा राजानमिच्छति १३

अराजक देशमें पापीलोक परद्रव्य हरणेसे प्रसन्नहो ताहै जद उसपापीका दोर धन औरलोकलेलेंदेहै तब त हांका लोक अपनी रक्षावासे राजाकी वांछाको करताहै १३

पापाह्य पि नरा क्षेमं न लभंते कदाचन
एकस्य हि द्वौ हरतो द्वयोश्च बहवो परे १४

जो राजा नहा पापी लोकभी सुखको नही पावते एक पापीसे दो पापीधन हरलेतेहे दो पापी जोहे तिन्हसे ओर बहोत पापी एकत्र होकर धनको छीनलेजातेहे १४

अदासः क्रियते दासो ह्रियते च बलात्स्त्रियः
एतस्मात्कारणा देवाः प्रजापालं प्रचक्रिरे १५

नही दासभाव करनेवालेकोभी पापी दासकरलेतेहें ओर बलसे पापीलोक पराइस्त्रीकोभी हरलेजातेहे हे राजन् इसी कारणसे देवताजगत हितवास्ते प्रजापालनेहारे राजाकरलेतेभई १५ ॥

राजा चेन्न भवेल्लोके पृथिव्यां दंडधारकः
जले मत्स्यानिवाभक्ष्यन् दुर्बला बलवत्तराः १६

जो राजा पृथिवीविषे दंडधारक नही होइतो जैसे दुर्लभ मछीको बलवान मछ खालेतेहे तैसे दुर्बलोको बलवान् खालेतेहैं ॥ १६ ॥

अराजकाः प्रजाः पूर्वं विनेशुरिति नः श्रुतं
परस्परं भक्षयंतो मत्स्या इव जले कृशान् १७

हे राजन् हमने यह प्रथम सुनाहे अराजक प्रजा आदसृष्टिमो विनाशको प्राप्तभयेहे जैसे जलविषे बलवान मत्स्य दुर्बल मत्स्योको खालेतेहे तैसे दुर्बलप्रजाको सबललोक खालेतेभये १७ ॥

समेत्य तास्ततश्चक्रुः समया निति नः श्रुतं
वाक्शूरो दंडपरुषो यश्च स्यात्पारजायिकः १८

सो सभही प्रजालोक एकत्र होकर परस्पर मंत्र संमतिकरतेभये जो कोई हमारे मो वाणी वृथा कठोर कहे जो परशरीरमो दंडप्रहारकी कठोरताकरे जो परस्त्री गामीहुए

यः परस्वमथादद्यात्त्याज्या न स्तादृशा इति
विश्वासार्थं च सर्वेषां वर्णानामविशेषतः १९

और जो परद्रव्यको हरे ऐसे जो पुरुषहे सो अपने समाज

से त्यागदेना सभवर्णोंकेविश्वासवाले ऐसी संमतिकर्के स्थित होतेभये हे राजन् संमतिकर्केभी परस्पर मर्यादामों नहीं स्थित भये १९ ता स्तथा समयं कृत्वा समयेना वतस्थिरे ॥

सहिता स्ता स्तदा जग्मु रसुखार्ताः पितामहं २०

तब सभही दुःखकर्के पीडितभये एक समाजकर्के पितामह ब्रह्माजीकों वचन कहतेभये हे पितामह हम अनीश्वर होकर विनाशकों प्राप्तहोताहे आप हमको ईश्वर देवो जिसकर्के हम सुखसे वासकरें २०

अनीश्वरा विनश्यामो भगवन्नी श्वरं दिश

यं पूजयेम संभूय यश्च नः प्रतिपालयेत् २१

जिसकों हम सभ मिलकर पूजाकरें जो हमारेको पालनकरे हे राजन् तब ब्रह्माजी मनुप्रजापतिकों आज्ञादेताभया प्रजाकी रक्षा करणेको मनुप्रजापति प्रजापालनेकी नही मानताभया ब्रह्माजीको वचन कहताभया २१

ततो मनुं व्यादिदेश मनुर्नाभि ननंदताः

मनुरुवाच बिभेमि कर्मणः पापा द्राज्यं हि भृशदु

स्तरं विशेषतो मनुष्येषु मिथ्यावृत्तेषु नित्यदा २२

मनुरुवाच हे भगवन् मैं इसपापकर्मसे भयभीतहोताऊं राज्यकर्म पापकर्मसे अति दुस्करहे विशेषकर्के मनुष्योंविषे सदा मिथ्यावृत्ति पापप्रवृत्तिकर्के राज्यकर्मअतिदुस्करहे इसको मे वांछानहीकरता २२

भीष्मउवाच तमब्रुव न्प्रजामाभैः कर्तृनेनो गमिष्य

ति पशूना मधिपंचाशा द्धिरण्यस्य तथैव च २३

भीष्मउवाच ऐसा वचन सुनकर्के सकल प्रजा मनुप्रजापतिको वचनकहतीभई हे मनु महाराज आपभय मतकरो पापभी तुमरमानतेहो तो तुमको पालनेसे पापनहीं होवेगा पाप अपनेकर्ता लोकोंकोही प्राप्तहोवेगा पाप अपने कर्ता लोकोंकोभी प्राप्तहोवेगा हम तुमको पचाशपशुपालनेसे पचाशसे अधिक एकपशुदेवेंगे और सुवर्णसेभी पचाशसे अधिक एकदेवेंगे २३

धान्यस्य दशमं भागं दास्यामः कोश वर्धनं

कन्यां शुल्के चारुरूपां विवादे षूद्यतास्तु च २४

और धान्यसे दशमभागदेवे तो यह तुमलोगोंको शोवजानेकी बृ
द्धिवास्ते देवेंगे जहां कन्या मौल्यका प्रसंगहोवेगा तहां विवाह
की पणीभूत स्वरूपवती कन्या तोको देवेंगे जहां द्यूतक्रीडाका
विवादहोवेगा द्यूतकाभी पणीभूत कन्याइम देवेंगे २४

सुखेन शस्त्र पत्रेण ये मनुष्याः प्रधानतः
भवंते तेन यास्यंति महेंद्र मिव देवताः २५

जो प्रथमसेही शास्त्र यंत्रेवा तुमको श्रेष्ठहोवेगा सो भीलोक
कैं तोकोही प्राप्तहोवेगी जैसे देवता इंद्रको शास्त्रवाहनके
प्रधानतासे प्रथमहे सुखजानकर प्राप्तहोतेही २५

सत्वं ज्ञानबलो राजा दुष्प्रधर्षः प्रतापवान्
सर्वदास्यसिनः सर्वान् कुवेर इव नैर्ऋतान् २६

सो तूं सभकी प्रधानता पाइकर ज्ञानबल बल प्रधानताका
राजाभया तोतेरी आज्ञाको सभ मानेगे सभको दुसधर्षहोवे
गा प्रतापकर्के अजेय होवेगा तब हमारेको सुखदेवेगा
जैसे कुवेर अपने आज्ञाकारी यक्षराक्षसोंको सुखदेताहै २६

येन च धर्मं चरिष्यंति प्रजा राज्ञाभि रक्षिताः
चतुर्थं तस्य धर्मस्य त्वत्संस्थं वै भविष्यति २७

तुमने राज्यहोकर प्रजाको पालनकिया तुमारी रक्षाकर्के प्र
जासु रक्षितहोकर जो प्रजालोक धर्म कर्म करेंगे तिसका चतु
र्थभाग धर्मपुण्यका तुमको प्राप्तहोवेगा २७

तेन धर्मेण महता सुख लब्धेन भावितः
पाह्यस्मान्सर्वतो राजन् देवानिव शतक्रतुः २८

सो धर्म पुण्य तुमको अपनी कर्तव्यता सुखेनप्राप्तभया उस
की भावनाकर्के हमको समग्र पापभयसे रक्षाकरो जैसे दे
वगणोंको इंद्रपालन करताहै २८

विजयायहि निर्याहि प्रतपन्रश्मिवानिव
मानं विधम शत्रूणां धर्मानयतु नः सदा २९

और शत्रुविजयको इसप्रकारसे जावो जैसे रश्मिवान् सूर्यस
भको प्रकाशको तापको करताहै और शत्रुगणोंके मानको
विनाशकरो उसकर्के हमको धर्मकर्म सदा प्राप्तहोवे २९

स निर्ययौ महातेजा बलेन महतावृतः

श्री॰
रा॰प॰
टी॰
२४॰

२४०

महाभिजनसंपन्नस्तेजसा प्रज्वलन्निव ३०

हे राजन् सो मनुप्रजापति महातेजवान् भया महाबलवाली सेनाकर्के युक्तभया और महाशोभा संयुक्त परिवार समाज संपन्नभया तेजकर्के प्रचंडप्रतापवानसूर्य जैसा होकर प्रजा लोकके साथ जाताभया ३०

तस्य दृष्ट्वा महत्तेजो महेंद्रस्येव देवताः
अपतत्रसिरे सर्वे स्वधर्मे च दधुर्मनः ३१

हे राजन् मनु महाराजके महातेज प्रभाव देषकर्के सभही प्रजालोक इंद्रको देवतागण जैसे देषकर भयभीत होतेहैं तैसे सभही भयभीतभये तब सभही स्वधर्म विषे मनको एकाग्रदेतेभये ३१

ततो महीं परिययौ पर्जन्य इव वृष्टिमान्
शमयन् सर्वतः पापान् स्वकर्मसु च योजयन् ३२

तदनंतर सो मनुराजा जैसे पर्जन्यवृष्टि कर्ताहै तैसे सर्वप्रकारसे पापी जनोंकी पापवृत्ति शमनकरता और सभको स्वधर्म विषे स्थापनकरताहुआ पृथिवीको जाताभया ३२

एवं विभूतिमिच्छेयुः पृथिव्यां मानवाः क्वचित्
कुर्यू राजानमेवाग्रे प्रजानुग्रहकारणात् ३३

इसप्रकार मनुष्यलोक अपनेविषे विभूतिसे पदाकी वांछाकों करे सो पृथिवीविषे राजधानी कही नगरीविषे राजाको अभिषेककरे राजासे प्रजा अनुग्रह कारणसे ३३

नमस्येरंश्च तं भक्त्या शिष्या इव गुरुं सदा
देवा इव च देवेंद्रं तत्र राजानमंतिके ३४

राजाको नमस्कारकरे जैसे शिष्यगुरोंको पूजाकरतेहैं तैसे राजाकी पूजाकरे जैसे देवता इंद्रको सभाकी समीपसेवा करतेहैं तैसे राजाको समीपजाइकर सेवाकरे ३४

सत्कृतं स्वजनेनेह परोपि बहुमन्यते
स्वजनेन त्ववज्ञातं परे परिभवंत्युत ३५

जो पुरुष अपने स्वजन संबंधिजनोकर्के सत्कारको प्राप्तहोता है उसको इतर लोकभी बहुमानकरताहै जिसको स्वजनसंबंधी अवमानकरे उसको सर्वलोक अवमान करताहै ३५

राज्ञः परैः परिभवः सर्वेषामसुखावहः

तस्मा च्छत्रं च पत्रं च वाहानां भरणानि च

जहां राजाको परलोकोकर्के अनादरहै सो सभको दुःखदायी होताहै ताते राजाको उत्तमसुगन्ध उत्तम हाथी घोडा सवारीको देने योग्यहै उत्तमवस्त्रभूषणभी दातव्यहै ३९ ॥

भोज्यनान्यथ पेयानि राज्ञे दद्युर्गृहाणि च
आसनानि च शय्याश्च सर्वोपकरणानि च ३७

उत्तम भोजन पदार्थ और उत्तम गृहमंदिर उत्तमपानकरणेयोग्य स पदार्थ दातव्यहै उत्तम आसन उत्तमशय्या उत्तम उत्तम संपूर्ण राजचिन्होके सर्वोपकरणराजाको दातव्यहै ३७ ॥

गोप्ता तस्मा दुराधर्षः स्मित पूर्वाभि भाषितः
अभाषितश्च मधुरं प्रीत्याभावेन मानवान् ३८

ऐसी प्रजाकर्के राजा सभको रक्षाकरणे हाराहोताहै और असह्यप्रभाव होताहै और सभकाने पूर्वक मन्दवचन भाषीहोवे जो राजाको संभाषणकरे तिन्हको मधुर धीर भाषासे उत्तरकरे ३८ ॥

कृतज्ञो दृढ भक्तिः स्या त्संविभागी जितेंद्रियः
ईक्षितः प्रत्यवीक्षेत मृदुवल्गु च लक्ष्ण ३९

और राजा कार्यकारी पुरुषोंका कृतज्ञहोवे दृढभक्ति सभसे दानमानसे करावे और दान विभागकर्के सभकापोषणकर्के आपभोग भोक्ताहोवे जो पुरुष आपदृष्टकियेहै उन्होको मृदुवचन शुभवचन सुखकारी वचनकरे ३९ ॥ इति श्री महाभारते शतसहस्रसंहितायां शांतिपर्वणि राजधर्मे सप्तषष्टितमोध्यायः ६७

यह राजधर्मका पुस्तक श्रीमन्महाराजा साहिब रणवीरसिंह बहादुर जी सी एस आइ ईंद्र महेंद्र सिपर सलतनत । जंमू काश्मीर व तिब्बतादिपतिके पढनेकाहै ॥